


# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

देव दिवाली आज





जबलपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025 ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 20, अंक : 187 ■ पृष्ठ : 8+6= 14 मूल्य : 3.00 * ■ मौसम अधि. 30 न्यून. 20 haribhoomi.com


## सीएम डॉ. यादव का बांकीपुर-मनेर सीट पर रोड शो, मधेपुरा में सभा



एनडीए प्रत्याशियों के साथ रोड शो करते सीएम

### बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

# कल मतदान...18 जिलों की 121 सीटों का फैसला हो जाएगा 'लॉक'

इन सीटों पर **1314** उम्मीदवार | **3,75,13,302** मतदाता | **122** महिला प्रत्याशी

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार समेत तमाम नेताओं ने कैंपेनिंग की

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार खत्म गया है। मंगलवार यानी 4 नवंबर कैंपेनिंग का आखिरी दिन था। शाम के 5 बजते ही चुनावी शोर थम गया। अब 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग होगी। जिसमें पांच विधानसभा क्षेत्रों सहित सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के 56 बूथों पर मतदान सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। जबकि बाकी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इनमें दरभंगा, मुंगेर और पटना प्रमंडल की कई सीटें इस बार हाई प्रोफाइल बन गई हैं।



मिथिलांचल के एक घर में अमित शाह ने भोजन किया

#### इन जिलों में पहले चरण में मतदान

पहले चरण में पटना, भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा और नालंदा जिले की विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। पटना जिले की 14 सीटों में 2020 में 9 पर राजग और 5 पर महागठबंधन ने जीत दर्ज की थी।

#### ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

चुनाव आयोग के अनुसार, मतदान समाप्ति के लिए तय अवधि से 48 घंटे पहले तक बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कोई भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के चुनाव संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान दिवस छह नवंबर की सुबह सात बजे तथा 11 नवंबर की शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि में किसी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा मीडिया की ओर से इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा।

## श्रीराम के अस्तित्व को नकारने व विकास में अवरोध उत्पन्न करने वालों को सबक सिखाएं

पीएम मोदी बिहार और देश का विकास कर रहे, परिवारवादी पार्टियां सिर्फ अपना विकास करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बिहार के पटना जिले की बांकीपुर और मनेर विधानसभा में रोड शो कर मधेपुरा जिले के मधेपुरा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और एनडीए सरकार ही बिहार का विकास कर सकती है।

#### कांग्रेस आजादी के 75 साल बाद भी एक परिवार से अलग नहीं हो पाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी कांग्रेस पार्टी एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। कांग्रेस 75 सालों बाद भी परिवारवाद से खुद को अलग नहीं कर सकी है। जो पार्टी या नेता परिवारवाद के बंधन में जकड़ा हुआ है, वह देश की जनता का भला नहीं कर सकता।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### विश्वकप विजेता क्रांति गौड़ से सीएम ने की बात



**भोपाल।** महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य छतरपुर की क्रांति गौड़ ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रदेश का भी नाम रोशन कर दिया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को क्रांति गौड़ से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की और उन्हें इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। सीएम पहले ही क्रांति को एक करोड़ देने का ऐलान कर चुके हैं।

### पहले भाई, फिर बहन की मौत, माता-पिता गंभीर



**ग्वालियर।** कीटनाशक से निकली गैस से बीमार 13 साल की क्षमा शर्मा ने भी दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह ग्वालियर के रिम्स अस्पताल में उसने आखिरी सांस ली। इससे पहले सोमवार को क्षमा के छोटे भाई वैभव की मौत हो गई थी। माता-पिता की हालत भी नाजुक है। दोनों को रिम्स हॉस्पिटल से न्यू जेएएच हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है।

### सोनम ने साफ किया था खून से सना हथियार



**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी ने खुद हत्या में इस्तेमाल किए हथियार पर लगे खून को साफ किया था। राजा की हत्या के बाद सोनम ने सबूत मिटाने के लिए खून से सने हथियार को जंगली घास से साफ किया था। शिलॉन्ग पुलिस अब दूसरी चार्जशीट पेश कर रही है।

## एसआईआर 2.0

### देश के 12 राज्यों में वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण शुरू, 51 करोड़ मतदाता होंगे शामिल

# केरल, तमिलनाडु में सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक विरोध, ममता का बड़ा मार्च



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार से नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा फेज़ शुरू कर दिया है। यह वोटर लिस्ट को साफ करने की एक मुहिम है। यह कदम बिहार में विधानसभा चुनावों के पहले फेज़ से दो दिन पहले उठाया गया है, जहां चुनावी प्रक्रिया हुई थी और वेरिफिकेशन के बाद 68 लाख से ज़्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे। इस अभियान में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लगभग 51 करोड़ वोटर शामिल होंगे। इनमें से तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। एसआईआर 2.0 के तहत एन्यूमरेशन का स्टेज शुरू हो रहा है।

**इन राज्यों में एसआईआर**

अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल



सीएम ममता बेनर्जी ने कोलकाता की सड़कों पर बड़ा मार्च निकाला

#### अलग-अलग राज्यों में शुरू हुआ प्रोसेस

उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से जानकारी सामने आई है कि वेरिफिकेशन प्रोसेस शुरू हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को वोटर लिस्ट में सुधार करने के मकसद से उत्तर प्रदेश में एसआईआर एक्सरसाइज शुरु कर दी है। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बीएलओ ने घर-घर जाकर गिनती का काम शुरू किया है। यह स्टेप सिर्फ उन वोटर्स पर लागू होता है, जो पिछले एसआईआर की किसी भी इलेक्टोरल रोल में अपना नाम, या अपने माता-पिता या रिश्तेदार का नाम नहीं ढूंढ पाए हैं।

- *5.33 लाख बीएलओ और 7 लाख से ज्यादा बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे*
- *9 दिसंबर को ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल जारी होगा, फाइनल इलेक्टोरल रोल 7 फरवरी 2026 को जारी होगा*
- *तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं*

#### एसआईआर को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोले शिवप्रकाश

### मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने की प्रक्रिया है एसआईआर

**भोपाल।** मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एसआईआर को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग ईमानदारी, समझदारी और राष्ट्रहित की भावना से करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत और सशक्त बनता है। यदि मतदाता सूची में घुसपैठिए या अवांछित नाम शामिल होकर मतदान करते हैं, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ती है। इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संचालित की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके।



प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में शिवप्रकाश

### सुप्रीम कोर्ट ने मांगा सरकारी वकीलों की नियुक्तियों का डेटा

# एसटी, एससी और ओबीसी महिला वकीलों का ब्यौरा दें

#### सरकारी वकीलों की नियुक्तियों में आरक्षण का पालन नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मप्र के महाधिवक्ता कार्यालयों से लेकर जिला स्तर पर नियुक्त होने वाले सरकारी वकीलों की जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एम सुंदरेश और जस्टिस सतीश शर्मा की खंडपीठ ने सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय याचिकाकर्ता एसोसिएशन की ओर से सीनियर एडवोकेट रामेश्वर सिंह ठाकुर, वरुण ठाकुर और विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मध्य प्रदेश में ओबीसी, एससी, एसटी, की लगभग 88% आबादी है और 49.8% महिलाओं की आबादी है फिर भी महाधिवक्ता कार्यालय में इस वर्ग के अधिवक्ताओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है।

**(विस्तृत पेज 8 अंतिम पृष्ठ पर)**


### ऑनलाइन गेमिंग कानून पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और एक पीआईएल पर उसका जवाब मांगा है। इसमें केंद्र सरकार को ऑनलाइन गैंबलिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने का निर्देश देने की मांग की गई है, जो कथित तौर पर सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चल रहे हैं। यह वे ऐप्स हैं जो खुद को ई-स्पोर्ट्स या सोशल गेम्स बताकर असल में गैम्बलिंग का धंधा चला रहे हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि इन मामलों को एक्ट से जुड़ी याचिकाओं के साथ टैग किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना है कि केंद्र सरकार की तरफ से जो नया कानून बना है, वह अभी लागू नहीं हुआ है, इसलिए इन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश

## उप्र की भूमि अधिग्रहण नीति का अध्ययन करने जाएंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश उद्योग विभाग के अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण नीति का अध्ययन करने उत्तर प्रदेश जाएंगे। उन नीतियों का अध्ययन कर मध्य प्रदेश में भी उसका अनुपालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने मंत्री गुप्ता सहित मध्य प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के उद्योग मंत्री गुप्ता को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गई 18 प्रकार की नई औद्योगिक नीतियों की प्रतियां भी भेंट की।

- *उप्र के मंत्री गुप्ता ने सीएम से की सौजन्य भेंट*

### किसानों को दी जा रही 10 घंटे बिजली

## बिजली कंपनी ने कहा-कुछ तत्व इसमें पहुंचा रहे 'बाधा'



> बाधा उत्पन्न हुई तो संबंधित अधिकारी नपेंगे

> ऐसे में कंपनी आर्थिक नुकसान नहीं सहेगी

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में किसानों को कृषि फीडरों पर 10 घंटे बिजली दी जा रही है। कंपनी का कहना है कि असामाजिक तत्वों के प्रभाव में निर्धारित घंटे और घोषित समयानुसार से अधिक विद्युत प्रदान किए जाने से कृषि फीडरों पर विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, साथ ही इससे घरेलू फीडरों पर 24गुणा7 विद्युत प्रदाय किए जाने में भी बाधा उत्पन्न होती है। इन घंटों से अधिक आपूर्ति के लिए संबंधित अधिकारियों पर कुछ दंड के प्रावधान किए गए हैं। इन्हीं प्रावधानों के अंतर्गत कहा गया है कि यदि विद्युत प्रदाय के घंटों में किसी कारण से वृद्धि होती है तो इसके परिणाम बिजली कंपनी के आर्थिक समंकों में गिरावट के रूप में दर्ज होते हैं इससे एक ओर जहां तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों में वृद्धि होती है वहीं दूसरी ओर इन आर्थिक समंकों में गिरावट होने से विद्युत वितरण के क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की पात्रता की शर्तें बदल जाती हैं और कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

#### 7 यात्रियों की मौत, 25 घायल, रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप

### खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन

**बिलासपुर।** मंगलवार को यहां कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 7 लोगों की मौत की पुष्टि की है, 2 लोग बोगी के अंदर फंसे थे, उन्हें निकाल लिया गया। वहीं 25 लोग घायल हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद रहीं। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटकर निकाला गया। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया। कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया है। सीएम विष्णुदेव साय ने इस रेल हादसे पर दुख व्यक्त किया है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल, दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रेलवे की जांच टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना कर रही है और तकनीकी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

### गोपीचंद की कुल संपत्ति 37.2 अरब पाउंड

## हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का लंदन में निधन, वे 85 वर्ष के थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**उनके नेतृत्व में समूह ने अपने कुछ सबसे महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए इनमें से एक अशोक लीलैंड**



गोपीचंद परमानंद हिंदुजा

हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं। आजादी के पहले अपना कारोबारी सफर शुरू करने वाले हिंदुजा परिवार में जन्मे गोपीचंद हिंदुजा 1959 में मुंबई में अपने पारिवारिक उद्यम में शामिल हुए। बीते कई दशकों में उन्होंने हिंदुजा समूह को एक पारंपरिक व्यापारिक संचालन से बैंकिंग, वित्त, ऊर्जा, मोटर वाहन, मीडिया और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक वैश्विक औद्योगिक महाशक्ति बनाने में मदद की। उनके नेतृत्व में समूह ने अपने कुछ सबसे महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए।




**प्रचार के अंतिम दिन पक्ष विपक्ष के तमाम दिग्गज मैदान में उतरे**

# पीएम मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ नमो एप से किया संवाद
# बहन-बेटियां एनडीए को विजयी बनाने के लिए उत्सुक दिख रहीं

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव प्रचार का मंगलवार को आखिरी दिन था। भाजपा, जदयू, राजद और कांग्रेस समेत अनेक पार्टियों के दिग्गज नेता बिहार के विभिन्न जिलों में धुआंधार चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी ने बिहार की महिला कार्यकर्ताओं के साथ नमो एप के माध्यम से संवाद किया। पीएम मोदी ने जब यह पूछा कि बिहार की सरकार ने एक करोड़ 40 लाख महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की सीधा मदद पहुंचाई, ताकि महिलाएं अपने पैर पर खड़ी हों। इस पर महिला प्रतिनिधि ने कहा डिजिटल इंडिया होने के कारण महिलाओं को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। इससे महिलाओं को अपना छोटा सा रोजगार शुरू करने में मदद मिली। पहले बिचौलिया योजनाओं का पैसा खा जा रहे थे लेकिन अब लाभ मिल रहा है।

## महलाएं जंगलराज के खिलाफ दीवार बनकर खड़ीं


महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पीएम मोदी।

*पीएम मोदी ने जंगल राज का जिक्र किया और पूछा कि आपलोग जब नई पीढ़ी को यह बात बताते हैं तो उनका क्या रिएक्शन होता है। इस पर संवाद में मौजूद महिला ने उस दौरान की घटना का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अब बिहार की महिलाएं जंगलराज के खिलाफ दीवार बनकर खड़ी हैं। नबिहार की महिलाएं अब दिन हो या रात घर से बाहर निकलकर काम कर रही हैं।*

## हर रैली पहले वाली रैली की रिकॉर्ड तोड़ रही

'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' महिला संवाद में पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का कार्यकर्ता जी जान से जुटा हुआ है। आप सभी बहुत परिश्रम कर रहे हैं। हर रैली पहले वाली रैली की रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारी बहनें और बेटियां बड़ी संख्या में आ रही हैं। पूरा मंडप बहनों बेटियों के नारों से गूंज उठा है। मेरा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ काम कर रही है।

### एनडीए की भारी जीत होगी, कोई संदेह नहीं

*पीएम मोदी ने कहा, बिहार में एनडीए की भारी जीत पर मुझे कोई संदेह नहीं है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में वोटिंग करने का आग्रह किया। मैंने पहले चरण के मतदान से पहले आप सभी बहनों से आपकी मेहनत और आपके अनुभवों के बारे में बात करने की योजना बनाई थी। मैं उन्हें समझने की कोशिश करूंगा। मैं उन्हें अनुभव करने की कोशिश करूंगा।*

### जुलूस निकालकर लोगों को वोट देने ले जाइए

पीएम मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव को उत्सव में बदल दिया है। बिहार में एनडीए की जीत तय है, बहुत भारी जीत होगी। एनडीए के कामों ने गरीब, दलित, पिछड़े, महादलित सबके जीवन में बदलाव लाया है। मोदी ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा, "अब वक्त है हर घर तक पहुंचने का। बूथ ही जीत की नींव है। जुलूस निकालिए, लोगों को मतदान केंद्र तक लेकर जाइए।

**शाह का राहुल-तेजस्वी पर तंज**

## घुसपैठियों को बचाने यात्रा निकालते रहे

दरभंगा में एनडीए के लिए चुनावी प्रचार करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर



जमकर निशाना साधा। उन्होंने वोट अधिकार यात्रा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई यात्रा थी। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस पर छठी मैया के अपमान का भी आरोप लगाया ये कितनी भी यात्रा निकाल लें, लेकिन हम देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालने का काम करेंगे।

### 160 से ज्यादा सीटें जीतकर एनडीए बनाएगी सरकार

शाह ने दावा किया है कि इस बार बिहार में रएनडी की जीत तय है और गठबंधन 160 से ज्यादा सीटें हासिल कर सत्ता में वापसी करेगा।अमित शाह ने साफ कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। हम 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।

### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ एफआईआर

चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई



है। ललन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सिंह ने एक नेता को वोटिंग के दिन घर में पैक कर देने की बात कही थी। इसी पर एक्शन लिया है।

**रैली में गरजे राहुल**

## मोदी सरकार पूंजीपतियों की, किसानों की नहीं

प्रचार अभियान के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। औरंगाबाद जिले के कुटुंबा में



आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब किसानों की जमीन छीनकर उद्योगपति गौतम अडाणी को सौंप दी। राहुल के इस बयान से बिहार में चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। राहुल ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ही नहीं है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथ में नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल है। नीतीश कुमार की सरकार अब बिहार में कभी नहीं बन सकती। ये लोग वोट चोरी की कोशिश करेंगे आपको सतर्क रहना है, मतदान केंद्रों पर ध्यान से रहना है। ये फिर से वोट चोरी करने की कोशिश करेंगे और हमारे कार्यकर्ता और बिहार की जनता इन्हें रोकेगी।

**महागठबंधन पर बरसे राजनाथ**

## नौकरी के वादे पर पूछा धन कहां से आएगा?

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम हुआ है और इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके



खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं है। वैशाली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने एनडीए के पक्ष में मतदान की अपील की और कहा कि राजग सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है और जल्द तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि वे हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा कर रहे हैं, लेकिन यह नहीं बता पा रहे कि इसके लिए धन कहां से आएगा।

## राजद का क्या मतलब है जंगलराज...: नड्डा



*मधुबन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 'जंगलराज' वाले नए-नए चोले पहनकर और नए-नए लुभावने वादे करके लोगों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनका अतीत वही है, और आज भी वे 'गुंडाराज' और 'जंगलराज' के समर्थक हैं। राजद का क्या मतलब है? आर का मतलब 'रंगदारी', जे का मतलब 'जंगलराज' और डी का मतलब 'दादागिरी'। सिवान की जनता एनडीए के साथ है।*

### हमें राज्य के सभी लादेन को खत्म करना होगा: सरमा

असम सीएम और भाजपा के स्टार प्रचारक हिमंत बिस्व सरमा ने भी सीवान में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में रघुनाथपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर हंगामा हो सकता है।



दरअसल हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य में जितने भी ओसामा बिन लादेन हैं, उन सभी को खत्म करना होगा। असम सीएम ने अपने इस बयान से राजद प्रत्याशी और बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब पर निशाना साधा।

**तेजस्वी को बताया 'झुनझुना' देने वाला**

तेजस्वी यादव ने संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने,



जीविका दीदियों को 30,000 वेतन देने, महिलाओं के बैंक खाते में 25,000 देने का वादा किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने आरजेडी और तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ये सिर्फ जनता को भरमाने के लिए झुनझुना दे रहे हैं।

**गिरिराज का पलटवार**

### राहुल की शादी होगी तो जरूर आएंगे हम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए



कहा था कि मोदी जी बिहार में ऐसे घूम रहे हैं, जैसे उनके बेटे की शादी हो।इस पर ही गिरिराज सिंह ने अब पलटवार किया है। उन्होंने खरगे के भाषण की वीडियो क्लिप को साझा करते हुए लिखा, "खड़गे जी, कांग्रेस के युवराज की भी अगर कभी शादी होती है तो उसमे जरूर आएंगे।

### नीतीश कुमार का महिलाओं को फिर से बड़ा तोहफा!



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर सीएम नीतीश ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए ये कहा है कि किसी भी महिला को पैसे लौटाने की जरूरत नहीं है। बिहार की महिलाओं को 10-10,000 रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं। इसे लौटाने की अफवाह फैलाई जा रही है तो सीएम ने अफवाहों का खंडन किया है और यह कहा है कि रकम महिलाओं को वापस लौटाने की जरूरत नहीं है। नीतीश ने विपक्ष के नेताओं पर खूब बरसे और बिहार की महिलाओं को अफवाहों से सावधान रहने के लिए कहा।

**चौहान का पटना में रोड शो**

### महागठबंधन के आधे लोग जेल में और आधे बेल पर



*केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में रोड शो किया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके साथ नारे लगाए और समर्थन जताया। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए चौहान ने राजद और महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये महागठबंधन नहीं महाठगबंधन है। इनके आधे लोग जेल में और आधे लोग बेल पर हैं।*

## योगी के टप्पू, पप्पू और अप्पू वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने किया बड़ा हमला

योगी आदित्यनाथ के टप्पू, पप्पू और अप्पू वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने करारा हमला किया है। तेजस्वी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने



सीएम बनते ही अपने ऊपर से गंभीर से गंभीर मुकदमे को हटवा लिया। तेजस्वी से कहा गया कि आपको टप्पू बताया है, राहुल गांधी को पप्पू और अखिलेश यादव को सीएम योगी अप्पू बता रहे हैं। अखिलेश यादव प्रधानमंत्री को गप्पू बता रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि हम सब लोगों को भाषा का ख्याल रखना चाहिए। इस तरह की बातें अगर कोई सीएम और पीएम करे तो आप समझ सकते हैं कि उनकी सोच क्या है?

### सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में जाएंगे 30 हजार

तेजस्वी ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घोषणा की कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो 14 जनवरी यानी मकर संक्रांति के दिन राज्य की सभी पात्र महिलाओं के खाते में एक साल का 30 हजार एक साथ भेजा जाएगा। यह रकम 'माई-बहिन योजना' के तहत दी जाएगी।


### ओपिनियन पोल में एनडीए को मिलेंगी 153 से ज्यादा सीटें

पहले चरण का चुनाव प्रचार खत्म होने से ठीक पहले एक लेटेस्ट ओपिनियन पोल सामने आया है, जिसमें दावा किया गया है कि राज्य में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन सकती है, जबकि भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आ सकती है। ये सर्वे आईएएनएस-मैटराइज द्वारा किया गया है। एनडीए गठबंधन को 153-164 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा विपक्षी दलों के महागठबंधन को 76-87 सीटें मिलने का अनुमान है।

**खबर संक्षेप**

### चालक पर केस दर्ज 3 पुलिसवाले सस्पेंड

**जयपुर।** यहां के हरमाड़ा इलाके में भयावह सड़क हादसे ने पूरे राजस्थान को झकझोर दिया है।



इसमें 14 लोगों की जान चली गई, जबकि 13 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने डंपर चालक कल्याण मीणा पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। हादसे के लिए जिम्मेदार यातायात पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया है।

### हरिद्वार में ध्वस्त की गई अवैध मजार

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में अवैध संरचनाओं पर



प्रशासन का शिकंजा कस रहा है। प्रशासन का बुलडोजर अतिक्रमण के खिलाफ गरज रहा है। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के पथरी रोह पुल के पास 2 बीघा सरकारी जमीन पर बनी अवैध मजार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो के मामलों के दुरुपयोग पर जताई चिंता**

# देशभर में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित हो, जागरूकता जरूरी

*जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने की सुनवाई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पॉक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने। इस सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि कई बार पॉक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है। इसलिए जरूरी है कि लड़कों और पुरुषों में इस कानून की जानकारी और समझ बढ़ाई जाए। कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में इसके फैसलों पर काफी विचार करना पड़ा है।

### 2 दिसंबर तक के लिए टली सुनवाई


देश का सर्वोच्च न्यायालय।

*सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर तक टाल दी है, क्योंकि कुछ राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक इस मुद्दे पर अपनी राय नहीं दी है। पहले, अदालत ने केंद्र सरकार, शिक्षा मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा ने अदालत से कहा कि लोगों को यह बताया जाना जरूरी है कि निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म से जुड़े कानूनों में क्या बदलाव हुए हैं।*

### दुष्कर्म जैसे अपराधों के बारे में करें जागरुक

*इस याचिका में यह भी कहा गया है कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा सीबीएफसी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फिल्मों और मीडिया के माध्यम से जनता को दुष्कर्म जैसे अपराधों के दुष्परिणाम और सजा के बारे में जागरूक किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि लड़कियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि समाज की सोच बदलने से संभव है, और यह बदलाव स्कूल स्तर से शुरू होना चाहिए।*

**शिक्षा मंत्रालय को निर्देश देने की मांग**

*जनहित याचिका में मांग की गई है कि शिक्षा मंत्रालय सभी स्कूलों को यह निर्देश दे कि बच्चों को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से जुड़े कानूनों की बुनियादी जानकारी दी जाए। नैतिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि बच्चों को लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकार और सम्मानजनक जीवन के महत्व के बारे में सिखाया जा सके।*


**भूपेंद्र का यह लेख अवश्य पढ़ें: पीएम**

## 'मिशन लाइफ' से फिर जाग रहीं भारत की पुरानी संरक्षित परंपराएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के एक लेख को साझा किया है, जिसमें बताया गया है कि भारत का मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) कैसे पारंपरिक संरक्षण प्रणालियों को फिर से जीवंत कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भूपेंद्र यादव का यह लेख अवश्य पढ़ा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने बताया है कि तमिलनाडु के एरी टैंक सिस्टम से लेकर राजस्थान के जोहड़ तक भारत की पुरानी जल संरक्षण परंपराओं को मिशन लाइफ ने नया जीवन दिया है। इन परंपराओं को अब पृथ्वी सेवा के रूप में देखा जा रहा है।

**संरक्षण परंपराओं को फिर से कर रहा जीवित**


केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि यह लेख जरूर पढ़ें। इसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया है कि भारत का मिशन लाइफ कैसे सदियों पुरानी संरक्षण परंपराओं को फिर से जीवित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि असली स्थिरता बातचीत से नहीं, बल्कि पोषण और संरक्षण से शुरू होती है।

### अनुसंधान-नवाचार से ही बनेगा विकसित भारत

**तिरुवनंतपुरम।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान और नवाचार को जनकल्याण से जोड़ना होगा। उन्होंने वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं से अपील की कि वे अपने शोध का लाभ समाज के वंचित तबकों तक पहुंचाएं, ताकि वास्तविक विकास हो सके।उपराष्ट्रपति मंगलवार को तिरुवनंतपुरम स्थित चित्रा तिरुनाल चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान एस सी टी आई एम एस टी के दौरे रहे। उन्होंने संस्थान के संकाय सदस्यों और स्टार्टअप कंपनियों द्वारा विकसित चिकित्सा उपकरणों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राधाकृष्णन ने कहा कि एस सी टी आई एम एस टी देश में चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**राज्यपाल हरिभाऊ बोले**

## 'भीतरी शत्रुओं' से भी सचेत रहना होगा सोनिया के मतदाता होने पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि देश सुरक्षित रहेगा तो ही नागरिक सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने आगाह किया कि आज भारत को न केवल बाहरी बल्कि भीतरी शत्रुओं से भी सावधान रहने की जरूरत है। राज्यपाल मंगलवार को गोविंद गुरु जनजाति विवि में आयोजित 'राष्ट्रीय एकात्मकता' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। जब शासन-जनता दोनों सुरक्षित हाथों में होते हैं तो देश विकास की दिशा में अग्रसर होता है।



हर नागरिक में राष्ट्र के प्रति सद्भाव और जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए। राज्यपाल ने सोनिया गांधी का नाम लेकर कहा कि भारत की नागरिकता नहीं ली, लेकिन नाम वोटर लिस्ट में आ गया था। यह अच्छा नहीं है।

**राष्ट्रपति ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा**

# शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र के विकास और चरित्र की नींव

एजेंसी ▶▶ कुमाऊं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को उत्तराखंड के नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव है। शिक्षा को न केवल छात्रों की बुद्धि और कौशल का विकास करना चाहिए, बल्कि उनके नैतिक शक्ति और चरित्र को भी मजबूत करना चाहिए।र शिक्षा न केवल हमें आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि विनम्र रहना और समाज व देश के विकास में योगदान देना भी सिखाती है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करें। इससे पहले राष्ट्रपति ने नैनीताल स्थित नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और श्री नीम करोली बाबा आश्रम, कैंची धाम में भी दर्शन किए।


दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान की।

### अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दें

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना अहम है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के सही उपयोग के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय इसी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा।

**युवाओं को प्रोत्साहित करने आवश्यक कदम उठाएं**

मुर्मू ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सरकार निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कई नीतिगत पहल कर रही है। ये पहलें युवाओं के लिए अनगिनत अवसर पैदा कर रही हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों को युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि वे इन अवसरों का लाभ उठा सकें।

### विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की भूमिका अहम

राष्ट्रपति ने कहा कि हिमालय अपने जीवनदायिनी संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि कुमाऊं विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सजग प्रयास कर रहा है। एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में विवि की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियां भी हैं। उन्होंने विवि के संकाय और छात्रों से आग्रह किया कि वे आस-पास के गांवों का दौरा करें, ग्रामीणों की समस्याओं को देखें और समझें तथा उनके समाधान खोजने के लिए जो कुछ भी संभव हो वह करें। हमने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। युवाओं की इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका है।

## खबर संक्षेप

### 2026 तक लॉन्च हो सकता है सिरी एआई

**न्यूयॉर्क।** एपल के सीईओ टिम कुक ने कहा है कि 2026 तक



यूजर्स के लिए सिरी एआई लॉन्च कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया और अपडेटेड सिरी वर्जन अगले साल रिलीज होगा, लेकिन उन्होंने इसकी निश्चित समयसीमा की पुष्टि नहीं की। एपल ने आईफोन और अन्य डिवाइसेज में चैटजीपीटी इस्तेमाल करने के लिए ओपनएआई के साथ करार किया था। कुक ने कहा कि कंपनी का इरादा और ज्यादा लोगों के साथ एकीकरण करने का है।

### नेपाल में हिमस्खलन से नौ पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में हिमस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में दो



नेपाली गाइड सहित कम से कम नौ पर्वतारोहियों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान कुमार महतो ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे गौरीशंकर ग्राम पालिका के अंतर्गत माउंट यालुंग री (6,920 मीटर) के निकट चोटी पर चढ़ने का प्रयास करते समय हुए हिमस्खलन में सात पर्वतारोही दफन हो गए। उन्होंने बताया कि सात पर्वतारोहियों के शव निकालने के लिए संयुक्त बचाव अभियान चलाया गया है।

## भारत और इजराइल के बीच बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

# गाजा शांति योजना का समर्थन, आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस', दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ता

*जयशंकर ने कहा भारत ने रेल, सड़क, बंदरगाह, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की हैं। हम इजराइल के साथ इन क्षेत्रों में साझेदारी को और गहराई देना चाहते हैं*

- दोनों देश टेक्नोलॉजी, साइबर और एआई में सहयोग करेंगे
- 'एआई इंपैक्ट समिट' में इजराइल की भागीदारी का स्वागत

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद, नवाचार, कृषि और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी का असली अर्थ है- भरोसा, सहयोग और साझा मूल्यों पर आधारित रिश्ता। हमने कठिन समय में एक-दूसरे का साथ दिया है। दोनों देशों के सामने आतंकवाद की समान चुनौती है, इसलिए यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का दृष्टिकोण अपनाए।

जयशंकर ने गाजा क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत 'गाजा पीस प्लान' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि यह एक स्थाई शांति समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बंधकों की रिहाई और मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी का स्वागत भी किया। जयशंकर ने कहा कि भारत और इजराइल के बीच सेमीकंडक्टर और साइबर सुरक्षा में सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अगले साल फरवरी में 'एआई इंपैक्ट समिट' की मेजबानी करेगा और इसमें इजराइल की भागीदारी का स्वागत करेगा।



नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार मुलाकात करते हुए

### श्रमिकों के कल्याण पर होगी चर्चा

जयशंकर ने कहा कि भारत के श्रमिक अब बड़ी संख्या में इजराइल में काम कर रहे हैं और उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में दोनों देशों को मिलकर कदम बढ़ाने चाहिए। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा कि बहुपक्षीय मंचों पर भारत और इज़राइल की साझेदारी बहुत मूल्यवान है।

### पहलगाम हमले की निंदा की

इजराइल के विदेश मंत्री गिडोन सार ने कहा कि कट्टरपंथी आतंकवाद भारत और इजराइल दोनों के लिए साझा खतरा है। उन्होंने पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। सार ने कहा कि इजराइल को लंबे समय से ऐसे आतंकवादी संगठनों से खतरा है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में आतंक के ठिकाने बना लिए हैं।

### शांति के लिए जरूरी है हमास का सफाया

सार ने कहा हमास (गाजा), हिजबुल्लाह (लेबनान) और हौती (यमन) जैसे कट्टर आतंकवादी संगठन हमारे क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती हैं। इन्हें खत्म करना बेहद जरूरी है। हमास को निरस्त्र करना और गाजा को सैन्य रूप से मुक्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की योजना का मुख्य हिस्सा है और इस पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। सार ने कहा कि इजराइल भारत के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के पक्ष में है।

### निवेश और नवाचार पर जोर


विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुआ द्विपक्षीय निवेश समझौता एक अहम कदम है। कृषि, अर्थव्यवस्था, पर्यटन और वित्त से जुड़े इजराइली मंत्री पहले ही भारत का दौरा कर चुके हैं। जयशंकर ने कहा भारत ने रेल, सड़क, बंदरगाह, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की हैं।

### पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा हम पीएम नरेंद्र मोदी की मजबूत एकजुटता की सराहना करते हैं। हम याद रखते हैं कि 7 अक्तूबर को हमास के हमले के बाद पीएम मोदी पहले विश्व नेता थे जिन्होंने पीएम नेतन्याहू को फोन किया था। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे।

## उग्रवादी और सेना के बीच मुठभेड़

# मणिपुर में सेना की जवाबी कार्रवाई में 4 उग्रवादी ढेर



मणिपुर में सर्च ऑपरेशन करती हुई भारतीय सेना

**एजेंसी ▶▶ इंफाल**

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में मंगलवार सुबह सेना और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। एक अधिकारी ने बताया कि सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

### अशांति के कारण पर्यटक घटे

मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समुदाय के बीच दो साल से अधिक समय से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। एक बयान के अनुसार 2019-2020 में राज्य में जहां 1.79 लाख पर्यटक आए थे वहीं 2024-2025 में यह संख्या घटकर लगभग 17,000 रह गई है। न केवल मणिपुर में अशांति, बल्कि अत्यधिक हवाई किराया भी राज्य में यात्रियों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार एक कारक है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार सोमवार को इंफाल पहुंचे और विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री के साथ एक बैठक के दौरान राज्य सरकार के अधिकारियों ने उच्च हवाई किराए का मुद्दा उठाया।

### हिंसक घटनाएं कर रहा यूकेएनए

यूकेएनए एक गैर-एसओओ उग्रवादी संगठन है। हाल के दिनों में इस संगठन की तरफ से कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिनमें एक गांव प्रमुख की हत्या, स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने और क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास शामिल थे। इसके बाद ही सेना की तरफ से यह कार्रवाई की गई। सेना और असम राइफल्स ने बयान में कहा है कि यह ऑपरेशन क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने तथा नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान अभी जारी है।

## जोहरान ममदानी पर उनकी ही गुरु ने लगाया सनसनीखेज आरोप

# हमास से जुड़े संगठन सीएआईआर से फंडिंग पाकिस्तानी संगठन का भी मिल रहा समर्थन



जोहरान ममदानी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

फिलिस्तीनी-अमेरिकी कार्यकर्ता लिंडा सरसूर ने सनसनीखेज दावा किया है। दावे के अनुसार, काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशन्स (सीएआईआर) ने न्यूयॉर्क सिटी मेयर चुनाव के प्रमुख डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी के अभियान को मुख्य रूप से वित्तीय सहायता प्रदान की। युगांडा में जन्मे ममदानी वर्तमान में चुनावी दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।

### हमारी मुहिम से ट्रंप खतरे में: ममदानी

वहीं, ममदानी ने ट्रंप पर सीधा निशाना साधते हुए कहा है कि ट्रंप हमारी मुहिम से डरे हुए हैं क्योंकि हमने न्यूयॉर्क के आम लोगों की परेशानियों की सच्चाई बताई है, जीवन-यापन की लागत, महंगाई और असमानता। फर्क बस इतना है कि हम उन समस्याओं को हल करने जा रहे हैं, जबकि ट्रंप केवल दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप करोड़ों डॉलर व्हाइट हाउस के बॉलरूम की सजावट में खर्च कर रहे हैं।

### ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क खत्म हो जाएगा: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर के मतदाताओं को चेतावनी दी है कि यदि डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार ममदानी विजयी हो जाते हैं, तो शहर में पूर्ण आर्थिक-सामाजिक अराजकता छा जाएगी और इसका अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने कुओमो को इस पद के लिए अपना समर्थन घोषित किया है। ट्रंप ने ऐलान किया कि ममदानी यदि मेयर बनते हैं।


## भारत और रोमानिया के बीच व्यापार समझौते को लेकर बैठक

# निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने पर दोनों में बनी नई सहमति

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत-रोमानिया व्यापार समझौता को लेकर दोनों देशों के बीच मंगलवार को बुखारेस्ट में अहम बैठक हुई। इस बैठक में भारत के वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ शामिल हुईं। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान तय हुआ कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच चल रही मुक्त व्यापार वार्ताओं को इस वर्ष ही अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा जाएगा। यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोपीय बाजार तक पहुंच आसान करेगा और द्विपक्षीय व्यापार को नई गति देगा।

**Government of India**
**Ministry of Road Transport and Highways**




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी: helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0012/2526

## बाबा महाकाल का अपना एयरपोर्ट बनेगा, उज्जैन को मिल रही है आस्था की नई उड़ान

# उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट, सिंहस्थ 2028 से पहले कार्य पूर्ण करने का टारगेट, एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के आसमान में विकास की उड़ान अब और ऊंची होने जा रही है। बाबा महाकाल की नगरी में बनने वाला एयरपोर्ट उज्जैन को वैश्विक हवाई मानचित्र पर एक नई पहचान देगा। यह एयरपोर्ट राज्य के अंतरराष्ट्रीय गौरव को और बढ़ाएगा। राज्य सरकार विमानन क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ा रही है। एयर कनेक्टिविटी के इस विस्तार से न केवल पर्यटन और व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि प्रदेश का हर नागरिक आसमान से जुड़ने के सपने को साकार होता हुआ देखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अब सच्चे अर्थों में सभी क्षेत्रों में विकास की नई उड़ान भरने वाला भारत का दिल बन रहा है। सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से हवाई चप्पल पहनने वाले व्यक्ति को भी हवाई यात्रा का सुखद अनुभव कराने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही मप्र देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट सहित इंटर स्टेट एवं इन्ट्रा स्टेट एयर सर्विसेज वाले एयरपोर्ट्स भी होंगे। उज्जैन में बनने वाला एयरपोर्ट वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ मेले से पहले पूरी तरह तैयार कर लेने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि देश-विदेश से सिंहस्थ स्नान के लिए आने वाले लाखों-करोड़ों श्रद्धालु आसानी से बाबा महाकाल की नगरी पहुंच सकें।

**सिंहस्थ महाकुंभ से पहले एयरपोर्ट का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**

### दूरस्थ क्षेत्रों को भी राजधानी और प्रमुख शहरों से जोड़ा जा सकेगा


डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री (फाइल)

राज्य सरकार ने सभी जिलों मे एयर स्ट्रिप्स विकसित करने की योजना फलीभूत होने से छोटे विमानों और हेलीकॉप्टर सेवाओं के माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को भी राजधानी और प्रमुख शहरों से जोड़ा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से ही मप्र विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। उज्जैन में एयरपोर्ट का निर्माण केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि यह प्रदेश की श्रद्धा, सेवा और स्वाभिमान का प्रतीक होगा। राज्य में वैमानिकी सुविधाओं के विस्तार के तहत सभी जिलों में एयर स्ट्रिप्स विकसित करने की योजना बनाई गई है।

### देश का पहला इंट्रा-स्टेट एयर सर्विसेज प्रारंभ करने वाला राज्य

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा, पीएमश्री हवाई पर्यटन एयरप्लेन सर्विस और पीएमश्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के संचालन से मध्यप्रदेश, देश का पहला इंट्रा-स्टेट एयर सर्विसेज प्रारंभ करने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि उज्जैन का यह एयरपोर्ट न केवल बाबा महाकाल की नगरी को आकाश से जोड़ेगा, बल्कि श्रद्धा, समृद्धि और सुशासन की उड़ान का साक्षी भी बनेगा। अपर मुख्य सचिव विमानन संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि उज्जैन में एयरपोर्ट निर्माण के लिए एमओयू की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी और एविएशन फैसिलिटी बढ़ाने के लिए अगले चरण में कुछ और जिलों में भी एयरपोर्ट बनाने के लिए शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

### उज्जैन में बनने वाला हवाई अड्डा प्रदेश का नौंवा एयरपोर्ट

उज्जैन में बनने वाला हवाई अड्डा प्रदेश का नौंवा एयरपोर्ट होगा। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 तक मप्र में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो में ही एयरपोर्ट थे। वर्ष 2024-25 के दौरान रीवा, दतिया और सतना में नए एयरपोर्ट बनकर तैयार हुए। अब उज्जैन के एयरपोर्ट की घोषणा के साथ ही राज्य में हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर कुल 9 हो जाएगी। उज्जैन का एयरपोर्ट वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ मेले से पूर्व तैयार कर लेने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों को हवाई मार्ग से सीधे बाबा महाकाल की नगरी में उतरने की विशेष सुविधा मिल जाएगी। राज्य सरकार का यह निर्णय उज्जैन को विमानन और पर्यटन के वैश्विक गंतव्य के रूप में भी स्थापित करेगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में यात्री के हाथ से मोबाइल झपटा

भोपाल। राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में निशातपुरा आउटर पर झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। वरोनी एक्सप्रेस में रानी कमलापति से महोवा की यात्रा कर रहे भोपाल के यात्री का अज्ञात झपटमार ने मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत दस हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार नवल किशोर पिता विहारी लाल (41) मकान नंबर-21, पीसी नगर, हबीबगंज में रहता है। उसने बताया कि वह प्राइवेट काम करता है।

### बिहार में परिवारवाद पर अंकुश लगाना जरूरीः सांसद शर्मा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने सोमवार को बिहार के दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी डॉ. रामचंद्र प्रसाद के समर्थन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सांसद शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता में विधानसभा चुनाव को लेकर भारी उत्साह है। यहां की जनता ने एनडीए गठबंधन की सरकार में विकास और जनकल्याण के कार्यों को देखा है। नीतीश कुमार ने बिहार में विकास के बड़े बड़े काम भी शुरू किए हैं और बिहार से जंगलराज भी खत्म किया है। हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि परिवारवाद की बेल बिहार में फिर से न पनप पाए। बिहार विकास की दौड़ में भारत का एक नंबर का राज्य बने इसलिए फिर एक बार एनडीए गठबंधन की सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता में उत्साह है फिर से यहां एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। शर्मा ने दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में बूथ अध्यक्षों और पोलिंग एजेंट और रिलीवर एजेंट्स के सम्मेलनों को संबोधित किया।

### एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को विश्वसनीय बनानाः यति

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति की अध्यक्षता में सोमवार को निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह के निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक को जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने संबोधित किया। बैठक का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी ने किया एवं आभार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा घाडगे ने माना। यति ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक विशाल लोकतंत्र है, जहां मतदाता सूची में त्रुटि होने पर लोकतंत्र में शामिल नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्रभावित हो सकता है। इसको लेकर एसआईआर का आदेश जारी किया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह से विश्वसनीय बनाना है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पुराने रिकॉर्ड की समीक्षा, नामों का सत्यापन, नए मतदाताओं का समावेश, तथा मृत, स्थानांतरित एवं दोहरे नामों को हटाना शामिल है। यति ने बताया कि 2028 के विधानसभा चुनाव में मध्य विधानसभा क्षेत्र में अथक परिश्रम कर हमें जीत दिलानी है।

## विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करने का बना माध्यम

# प्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ किए जा रहे हैं विकास के तीव्र प्रयासः सीएम


डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री (फाइल)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के तीव्र प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार मध्यप्रदेश विरासत के संरक्षण में आगे है। विकास के अनूठे कदम उठाए गए हैं। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन हमारी समृद्ध विरासत और गौरवशाली इतिहास को प्रस्तुत करने का माध्यम बना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक नगरी है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की। बाबा महाकाल की कृपा उज्जैन पर है। सम्राट विक्रमादित्य ने कलयुग में भी सतयुग जैसा और भगवान श्री राम की तरह शासन किया। ज्ञान, न्याय, दानशीलता, शौर्य के गुणों से उन्हें महान शासक की संज्ञा मिली। उन्होंने विक्रम संवत को प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 वर्ष में प्रदेश के विकास के लिए अनूठे कदम उठाए गए हैं। मात्र डेढ़ वर्ष की अवधि में राज्य में 18 मेडिकल कॉलेज खुले हैं। आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज खोलने में मध्यप्रदेश में सबसे आगे है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज भी प्रदेश के एक प्रतापी शासक थे। उनका शासन काल सम्राट विक्रमादित्य से लगभग 1000 साल बाद का रहा। भोपाल में स्थित विशाल सरोवर भोजताल कहलाता है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की खूबियों को नाटक के माध्यम से मंच पर लाने का कार्य करीब दो दशक से चल रहा है। भोपाल के निवासियों को पहली बार यह प्रस्तुति देखने को मिली है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सांस्कृतिक जगत में दिए जा रहे निर्देशन की सराहना की।

### सीएम से उप्र सरकार के मंत्री गुप्ता ने की भेंट


उप्र के मंत्री से चर्चारत सीएम डॉ यादव

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार श्री नन्द गोपाल गुप्ता के साथ बैठक की।
- मप्र में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में उत्तरप्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने मंत्री (उप्र) गुप्ता सहित मध्यप्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मप्र में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को उत्तरप्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण नीति का अध्ययन करने और मध्यप्रदेश में भी उसका अनुपालन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश के उद्योग मंत्री गुप्ता को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गई 18 प्रकार की नई औद्योगिक नीतियों की प्रतियां भी भेंट की।

### राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने राजभवन में सौजन्य भेंट की

**मुख्यमंत्री ने भेंट किया प्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट**

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भेंट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल का पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनदंन किया। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार का विजन डॉक्यूमेंट समृद्ध मध्यप्रदेश <\@> 2047 की प्रति भेंट की। साथ ही प्रदेश के विकास संबंधी विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

## संसदीय कार्य विभाग का आदेश विधायकों के पास भेजा

# 15 लाख के कार लोन पर देना होगा सिर्फ 4% ब्याज- ब्याज अनुदान से लिया वाहन क्षतिग्रस्त, दूसरी बार भी योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के किसी विधायक द्वारा राज्य सरकार के ब्याज अनुदान योजना का लाभ उठाकर लिया गया वाहन क्षतिग्रस्त हो जाता है तो वह अब तत्काल दूसरा वाहन ब्याज अनुदान पर ले सकेंगे लेकिन इसमें उन्हें पूर्व में जितनी अवधि तक ब्याज अनुदान का लाभ ले लिया है बाकी शेष अवधि के लिए ही ब्याज अनुदान मिलेगा।

संसदीय कार्य विभाग ने विधानसभा सचिवालय को नये प्रावधान की जानकारी भेजते हुए विधायकों से इसके लिए आवेदन आमंत्रित करने को कहा है। राज्य सरकार अभी विधायकों को पांच साल की अवधि के लिए वाहन खरीदने पर ब्याज अनुदान देती है। तीस लाख रुपए तक के वाहन ऋण पर राज्य सरकार की ओर से विधायकों को ब्याज अनुदान का लाभ दिया जाता है। यदि ब्याज अनुदान योजना का लाभ लेकर विधायक ने कोई वाहन खरीदा है और वह क्षतिग्रस्त हो गया है या अनुपयोगी हो गया है और ब्याज अनुदान की अवधि समाप्त नहीं हुई है तो विधायक ब्याज अनुदान की बाकी अवधि में दूसरा नया वाहन खरीद सकता है और इस पर भी बाकी अवधि के लिए ब्याज अनुदान की भरपाई राज्य सरकार करेगी। लेकिन इसके लिए विधायक को पूर्व में लिए गए वाहन ऋण की शेष राशि को ब्याज सहित भुगतान बैंक को करना होगा। इसके बाद वह दूसरे वाहन की खरीदी के लिए अनुदान की शेष अवधि के लिए कर्ज ले सकेंगे।

### 30 लाख तक वाहन ऋण पर 2% ब्याज

इस योजना में पंद्रह लाख रुपए तक के वाहन ऋण पर चार प्रतिशत ब्याज राशि विधायक वहन करेगा शेष ब्याज की राशि शासन अनुदान के रूप में देगा। पंद्रह लाख से अधिक तीस लाख तक वाहन ऋण पर दो प्रतिशत ब्याज अनुदान शासन द्वारा अनुदान के रुप में दिया जाएगा। ब्याज अनुदान का लाभ केवल पांच वर्षों तक ही दिया जाएगा। संसदीय कार्य विभाग की सूचना आने के बाद विधानसभा सचिवालय ने सभी विधायकों को नये प्रावधान की सूचना देते हुए जरुरत के मुताबिक दूसरे वाहन के लिए वाहन ऋण लेने और ब्याज अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने को कहा है।

# सुरक्षा बलों को सफलता, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के सीमावर्ती इलाकों में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम ने जंगलों के भीतर नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यह ठिकाना माओवादियों के हथियार निर्माण और मरम्मत का प्रमुख अड्डा बताया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षाबलों ने मौके से कुल 17 रायफल, बीजीएल रॉकेट लॉन्चर, सिंगल शॉट रॉकेट लॉन्चर, देशी कट्टा, भारी मात्रा में बारूद, वायर, बोर मशीन, ड्रिल मशीन, पाइप, हैंड ड्रिल मशीन, शील्ड और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, इस फैक्ट्री में माओवादी लंबे समय से हथियारों की मरम्मत और निर्माण कर रहे थे, जिससे सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रची जा रही थी। डीआरजी की इस रणनीतिक कार्रवाई से माओवादी नेटवर्क को गहरा झटका लगा है। सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिससे किसी तरह की हानि के बिना बड़ी सफलता हाथ लगी। सुकमा पुलिस ने कहा है कि माओवादियों के पास अब सिर्फ एक ही रास्ता बचा है हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण और मुख्यधारा में लौटना। राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को सुरक्षा, सम्मान, पुनर्वास और रोजगार का अवसर दिया जाएगा।

*हथियारों का निर्माण और मरम्मत का अड्डा थी अवैध फैक्ट्री*



### मुख्यधारा से जुड़ें, शांतिपूर्ण जीवन जिएं

पुलिस ने यह भी कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवार को शांतिपूर्ण जीवन का अवसर मिलेगा। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल नक्सलवाद का उन्मूलन ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की स्थापना करना है। सुकमा पुलिस ने स्पष्ट किया कि हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित भविष्य दिया जाएगा।

वन विभाग की तत्परता से सभी को सुरक्षित निकाला

# कुएं में गिरे चार हाथी, इनमें एक नन्हा हाथी भी शामिल

▶▶ बलौदाबाजार-भाटापारा

जिले में बार नवापारा क्षेत्र के ग्राम हरदी में मंगलवार सुबह चार हाथी, जिनमें एक शावक भी शामिल था, करीब 15 फीट गहरे कुएं में गिर गए। बताया जा रहा है कि अंधेरे और फिसलन भरे रास्ते के कारण यह हादसा हुआ। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर धान देखने पहुंचे तो उन्हें कुएं से हाथियों की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची।

जेसीबी मशीनों की मदद से कुएं के पास रास्ता बनाया गया और घंटों चले रेस्क्यू अभियान के बाद चारों हाथियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू अभियान के बाद सभी हाथी सुरक्षित रूप से जंगल की ओर लौट गए। वन विभाग की तत्परता और स्थानीय पुलिस के सहयोग से यह अभियान बिना किसी नुकसान के पूरा हुआ। हालांकि



बचाव कार्य के दौरान पर्याप्त संसाधनों की कमी के कारण टीम को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, और हाथियों की जान को खतरा भी बना रहा। गौरतलब है कि हाथियों का यह दल पिछले कई महीनों से बार नवापारा अभयारण्य क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों के निकलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की तत्परता और साहसिक प्रयासों की सराहना की।

## मेहरा के बेटे का कारोबार गुजरात-राजस्थान में, 2019-20 में 5 से 25 करोड़ के स्लैब में ली गई जीएसटी

# पूर्व ईएनसी मेहरा के बेटे की तनिष्क इलेक्ट्रिकल्स और वेरोनिका फूड्स की जांच कर रहा लोकायुक्त ग्राम पंचायत को भी थमाया गया नोटिस, पूछा- मेहरा के फॉर्म हाउस की अनुमतियां कब-कब दी गईं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड इंजीनियर इन चीफ (ईएनसी) गोविंद प्रसाद मेहरा (जीपी मेहरा) के यहां 9 अक्टूबर को मप्र लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना (एसपीई) ने छापा मारा था। छापे के दौरान बरामद कागजों की छानबीन की जा रही है। जब्त कागजों से कई राज खुल रहे हैं। पता चला है कि मेहरा के बेटे रोहित का कारोबार मप्र के अलावा गुजरात राजस्थान में भी है।

तनिष्क इलेक्ट्रिकल्स, रोहित की प्रोपराइटर फर्म है, जिसका जुलाई 2017 से भोपाल में रजिस्ट्रेशन है। इसे वित्तीय वर्ष 2019-20 में 5 से 25 करोड़ की स्लेब में जीएसटी लिया गया। तनिष्क इलेक्ट्रिकल्स, राजस्थान में अक्टूबर, 2019 में और जनवरी, 2021 में गुजरात (वड़ोदरा) में भी रजिस्टर्ड है। वहीं, वेरोनिका फूड्स फर्म अगस्त, 2022 में रजिस्टर्ड करवाई गई। इसके टाइटल पर भोपाल के मिनाल क्षेत्र में टब्बर बार एंड रेस्ट्रो संचालित होता है। साथ ही नागपुर की साखी कंस्ट्रक्शन और रोहित की केटी इंडस्ट्रीज के ट्रांजेक्शन की भी छानबीन लोकायुक्त कर रहा है। लोकायुक्त को जानकारी हाथ लगी है कि मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारी, जीपी मेहरा और नागपुर की साखी कंस्ट्रक्शन ने आरडीसी में इलेक्ट्रिकल्स के काम में बिजली विभाग के जरिए एकाधिकार जैसा काम किया। मेहरा के बेटे और कैलाश नारायण नायक की केटी इंडस्ट्रीज, केकेएफ कस्तुरी कृषि फॉर्म पहले से ही जांच के दायरे में है। अब मेहरा के बेटे के अन्य प्रतिष्ठान भी जांच में लिए गए हैं।

### ग्राम पंचायत को लोकायुक्त ने दिया नोटिस

लोकायुक्त एसपीई ने एक प्रश्नावली तैयार की है। इसके आधार पर बयान लिए जाएंगे। मेहरा को 27 अक्टूबर को बयान दर्ज करने लोकायुक्त ने बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। मेहरा ने समय मांगा है। इधर, लोकायुक्त एसपीई ने ग्राम पंचायत पाला देवरी के ग्राम सैनी और पंचायत सेमरी हरचंद के सरपंच-सचिव को नोटिस देकर तलब किया है। पंचायत से पूछा है कि मेहरा के फॉर्म हाउस पर 39 कॉटेज, वेलनेस सेंटर, रिसोर्ट भवन, तालाब, मछली पालन केंद्र, स्थाई अस्थाई निर्माण और फॉर्म हाउस परिसर में बनाए गए 1.305 किमी सीसी रोड की अनुमतियां कब-कब दी अनुमतियां नहीं दी तो पंचायत ने क्या कार्रवाही की।



गोविंद प्रसाद मेहरा

### ब्लैक से व्हाइट के खेल की भी जांच

लोकायुक्त यह पता लगा रहा है कि इन प्रतिष्ठानों के जरिए कालेधन को सफेद तो नहीं किया गया है। इन फर्मों पर जीएसटी की भी नजर है। लोकायुक्त एसपीई ने 17 टन शहद की गुणवत्ता, उत्पादन, कारोबार, क्रय- विक्रय की छानबीन के लिए नर्मदापुरम कलेक्टर को पत्र लिखा है इसकी छानबीन खाद्य विभाग से करवाई जाएगी।

### संपत्तिकर की वसूली हुई अथवा नहीं

जिन वर्षों में यदि पंचायत ने अनुमतियां दी होंगी तो उस वर्ष की निर्माण लागत के हिसाब से निवेश की गणना की जाएगी, जिसमें लोहा, सीमेंट, बिल्डिंग मटेरियल, अन्य लक्जरी सामग्री, मजदूरी आदि जोड़ा जाएगा। जांच में फॉर्म हाउस की मल्टीलेवल गौशाला, पॉली हाउस के लिए यदि हॉर्टिकल्चर विभाग से मदद ली तो उसकी भी छानबीन की जा रही।


पंजाब सरकार
द्वारा
मुख्यमंत्री
स. भगवंत सिंह मान
के नेतृत्व में
आप सभी को
मानवता के कल्याण हेतु
"किरत करो, नाम जपो, वंड छको"
का शाश्वत संदेश देने वाले
प्रथम पातशाह
श्री गुरु नानक देव जी
के
556वें प्रकाश पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

सख्ती से नियमों का पालन कराने के निर्देश

# प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चाइनीज मांझा, हाईकोर्ट सख्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

चाइनीज मांझे से रायपुर में बच्चे की मौत और अवैध बिक्री मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में स्वत संज्ञान के रूप में चल रही थी। हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा उठाए गए कदम और पिछले 6 महीने में इस तरह की दूसरी घटना नहीं होने के बाद याचिका निराकृत कर दी है। साथ ही कोर्ट ने सरकार से उम्मीद जताई है कि नियमों और प्रावधानों का पालन कड़ाई से किया जाएगा। सरकार की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बच्चे के परिजन को तीन लाख का मुआवजा भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने चाइनीज मांझे से हुई दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने मुख्य सचिव को यह बताने कहा था कि प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चाइनीज मांझा कैसे उपलब्ध हो रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। दरअसल मामला रायपुर के पचपेड़ी नाका क्षेत्र का है, जहां 7 साल का एक बच्चा गार्डन में खेलते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया था। गंभीर चोटों के चलते उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

■ सरकार द्वारा उठाए गए कदम और पिछले 6 महीने में इस तरह की दूसरी घटना नहीं होने के बाद याचिका निराकृत

### चाइनीज मांझा बनाने वाला कोई उद्योग नहीं

मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में चाइनीज मांझे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण और उपयोग पर 25 फरवरी 2017 से प्रतिबंध है। 2 फरवरी 2024 को सभी कलेक्टरों, एसपी, नगर आयुक्त और जिला परिवहन अधिकारियों को इस प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए थे। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड (सीईसीबी) की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में चाइनीज मांझा बनाने वाला कोई उद्योग नहीं है। संभावना है कि यह अन्य राज्यों से अवैध रूप से आ रहा है। रायपुर में नगर निगम, पुलिस और अन्य विभागों की संयुक्त टीम बनाई गई है। यहां इसकी बिक्री और उपयोग पर कार्रवाई हो रही है।

### कई दुकानों पर प्रदेश भर में कार्रवाई

सुनवाई में शासन की ओर से जानकारी दी गई कि जब यह घटना हुई थी , उसके कुछ समय बाद ही सरकार ने बच्चे के परिजनों को पचास हजार का मुआवजा दिया था। इसके बाद ढाई लाख रुपए मिलाकर कुल तीन लाख का मुआवजा दिया गया है। शासन ने कोर्ट को यह भी बताया कि, प्रशासन अब इस तरह की घटनाओं की विशेष रूप से निगरानी कर रहा है। सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में पुलिस बल को अलर्ट किया गया है।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

# रूस ने कई भारतीयों को यूक्रेन जंग में धकेला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब भारतीय परिवारों के लिए एक बड़ा मानवीय संकट बन गया है। बेहतर भविष्य और नौकरी के लालच में रूस भेजे गए हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और अन्य राज्यों के कई युवाओं को धोखे से रूसी सेना में भर्ती कराकर यूक्रेन के युद्ध मोर्चे पर धकेल दिया गया है। इस दर्दनाक घटना के बाद, अपने बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग को लेकर प्रभावित परिवारों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह पूरा मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एजेंटों की जालसाजी का परिणाम है। हरियाणा के 6 युवक (फतेहाबाद, कैथल, हिसार, रोहतक और जींद से) समेत देश के कई राज्यों के युवा इस जाल में फंस गए। फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया को जबरन रूसी आर्मी में भर्ती किया गया। अंकित के भाई रघुवीर ने बताया कि कर्ज लेकर उन्हें लैंग्वेज कोर्स के लिए रूस भेजा गया, लेकिन वहां उन्हें युद्ध की ट्रेनिंग दी गई। विजय को एक रूसी महिला ने सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी का झांसा देकर सेना में शामिल करा दिया। रोहतक के संदीप के पिता बख्शी राम का आरोप है कि उन्हें कुक की नौकरी का लालच दिया गया था।



# नेपाल आंदोलन का हवाला देकर पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से इंकार

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नेपाल में बैन लगाने के बाद क्या हुआ



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पोर्नोग्राफी पर बैन लगाने की मांग वाली याचिका पर फिलहाल कोई आदेश देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि नेपाल में जब ऐसा बैन लगाया गया, तो क्या हुआ, वो देखिए। अदालत का इशारा सितंबर में नेपाल में हुए उन प्रदर्शनों की ओर था, जब जेन Z के युवाओं ने सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन शुरू कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह याचिका चार हफ्ते बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी। बता दें कि सीजेआई गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार से मांग की थी कि वह पोर्नोग्राफी देखने पर रोक लगाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति और ठोस कार्ययोजना तैयार करे। खासकर नाबालिगों के बीच इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए।

### भारत में करीब 20 करोड़ अश्लील कंटेंट हैं उपलब्ध

हालांकि अदालत ने यह भी नोट किया कि आज ऐसे सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं जिनसे माता-पिता या अभिभावक बच्चों के इंटरनेट इस्तेमाल पर निगरानी रख सकते हैं या उन्हें अनुचित कंटेंट से रोक सकते हैं। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि भारत में करीब 20 करोड़ अश्लील वीडियो या क्लिप, जिनमें बाल यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट भी शामिल है, बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 69**A** के तहत केंद्र सरकार के पास ऐसे वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का अधिकार पहले से मौजूद है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस पर कोई ठोस निर्देश नहीं दिया है, लेकिन कहा है कि मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद की जाएगी।

# हर मैच के लिए आकांक्षा ने रखा प्लेयर्स को फिट

## कवर्धा की बेटी ने टीम इंडिया को बनाया मजबूत



**कवर्धा।** नगर के ठाकुर पारा की रहने वाली नगर की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी ने न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने नाम का डंका बजाया है। आकांक्षा के पिता कवर्धा पीएचई विभाग में एसडीओ के पद में रह चुके हैं। सेवानिवृत्त के बाद रायपुर में निवासरत हैं। हाल ही में जिस ऐतिहासिक जीत की बात हो रही है, उस महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने में आकांक्षा ने फिजियोथैरेपिस्ट एवं स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ की भूमिका में अहम योगदान दिया है। आकांक्षा ने मेडिकल की पढ़ाई छत्तीसगढ़ में की और मास्टर्स कटक (ओडिशा) में पूरा किया। उन्होंने फिजियोथेरेपी के क्लास में भाग लेते ही महसूस किया कि यही उनके लिए सही क्षेत्र है। क्रिकेट-मेडिकल सपोर्ट सिस्टम में उनकी रुचि और काम ने उन्हें राज्य टीम के बाद राष्ट्रीय टीम में भी अवसर दिलाया।आकांक्षा ने चिकित्सकीय विज्ञान और मेडिकल सपोर्ट सिस्टम में अपनी पहचान बना ली है। अब उनका लक्ष्य सिर्फ समर्थन-कर्म में नहीं, बल्कि खेल-मेडिकल रिसर्च एवं उच्च-प्रदर्शन प्रणालियों के विकास में योगदान देना है। उनकी कहानी यह दिखाती है कि सिर्फ मैदान पर खेलकर ही नहीं, बल्कि खेल के पीछे खड़े विशेषज्ञों के योगदान से भी बड़े-बड़े लक्ष्य हासिल होते हैं।

हरिभूमि तत्काल

### राष्ट्रीय टीम में योगदान

आकांक्षा ने शुरुआत में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से जुड़कर काम किया और इसके बाद बीसीसीआई ने उन्हें राष्ट्रीय महिला टीम के असिस्टेंट फिजियो के रूप में मौका दिया। उनका प्रमुख काम था वान-19 महिला टीम और सीनियर महिला टीम की खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी एवं प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखना। उदाहरण के लिए, वान-19 महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम में उन्होंने खिलाड़ियों को चोट-प्रबंधन और थैरेपी के माध्यम से शीर्ष स्तर पर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वर्ल्ड कप जीत में भूमिका एवं जिला गौरवान्वित

जब भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहला महिला वनडे वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया, तब पूरा देश जश्न में था। इस जीत के पीछे टीम की तैयारियों का वैज्ञानिक आधार रहा-जिसमें आकांक्षा की भूमिका दर्ज-अमर है। उनकी देख-रेख में फिटनेस, थैरेपी, इंजरी प्रिवेंशन और रिकवरी पर विशेष ध्यान दिया गया। जिले के लोगों ने इस उपलब्धि पर गौर किया क्योंकि कवर्धा की बेटी ने इस जश्न में अपना भूमिका निभाया। राज्य सरकार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ने भी आकांक्षा को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि इस प्रेरणादायी काम से पूरा छत्तीसगढ़ गर्व महसूस कर रहा है।

# 'डिजिटल अरेस्ट स्कैम' के जरिए 3000 करोड़ रुपए की वसूली चौंकाने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के बढ़ते जाल पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने इसे 'चौंकाने वाला' बताते हुए कहा कि इस पर तुरंत कड़े कदम उठाने की जरूरत है, वरना यह समस्या और बढ़ेगी। जस्टिस सूर्यकांत, उज्ज्वल भुइयां और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने गृह मंत्रालय और सीबीआई की गोपनीय रिपोर्टों की समीक्षा के बाद यह बात कही। इन रिपोर्टों से पता चला है कि साइबर अपराधियों ने देशभर में भोले-भाले लोगों से, जिनमें बुजुर्ग भी शामिल हैं, 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ये स्कैम करने वाले खुद को पुलिस, सरकारी अधिकारी या कोर्ट का नुमाइंदा बताकर लोगों को डराते हैं। वे नकली वीडियो और ऑडियो कॉल का इस्तेमाल करते हैं। फर्जी कागजात और कोर्ट के झूठे आदेश दिखाकर, वे लोगों को गिरफ्तारी या कानूनी कार्रवाई से बचाने के नाम पर बड़ी रकम ऐंठते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि देश भर में पीड़ितों, जिनमें वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं।

### 10 को होगी सुनवाई

कोर्ट ने इस मामले में मदद के लिए एक एमिकस क्यूरी (न्यायालय का सहायक) नियुक्त किया है। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी, जिसमें कोर्ट आगे के निर्देश जारी करेगा। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि ऐसे कई धोखाधड़ी वाले नेटवर्क विदेश से चल रहे हैं। ये 'स्कैम कंपाउंड' वित्तीय, तकनीकी और मानव सहायता प्रणालियों से लैस हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एमएचए का साइबर क्राइम डिवीजन इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

चीन की कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने तैयार किया इलेक्ट्रिक विमान

# चीन ने उड़ने वाली कारों का परीक्षण उत्पादन किया शुरू

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। यह अमेरिका की कंपनी टेस्ला और अन्य द्वारा जल्द ही ऐसी कार पेश करने की योजना से पहले किया जा रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने सोमवार को बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है।

■ दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया

### 12,000 वर्ग मीटर में फैला संयंत्र

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ के हुआंगपु जिले में स्थित 120,000 वर्ग मीटर के इस संयंत्र ने पहले ही अपने मॉड्यूलर फ्लाइंग कार 'लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर' का पहला अलग हो सकने वाला इलेक्ट्रिक विमान तैयार कर लिया है।



### कंपनी को पहले ही मिली बुकिंग

*मस्क ने कहा कि "उम्मीद है" कि कार का अनावरण "कुछ महीनों में" किया जाएगा। एक अन्य अमेरिकी कंपनी एलेफ एयरोनॉटिक्स ने हाल ही में अपनी उड़ने वाली कार का परीक्षण किया है और घोषणा की है कि इसका व्यावसायिक उत्पादन जल्द ही शुरू होगा। एलेफ एयरोनॉटिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जिम डूखोवनी ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनकी कंपनी को पहले ही एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के 'प्री-बुकिंग' ऑर्डर मिल चुके हैं।*

### प्रारंभिक श्रमता 5,000 इकाई की होगी

इस सुविधा को 10,000 अलग किए जा सकने वाले विमान मॉड्यूल की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए तैयार किया गया है, जिसकी प्रारंभिक क्षमता 5,000 इकाइयों की होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इसकी उत्पादन क्षमता अपनी तरह के किसी भी कारखाने से सबसे अधिक है। संयंत्र के पूरी तरह चालू होने के बाद हर 30 मिनट में एक विमान को 'असेंबल' किया जाएगा।

### अब तक का सबसे कारगार वाहन होगा

एक्सपेंग ने टेस्ला द्वारा अपनी उड़ने वाली कार का संस्करण पेश करने से पहले इस योजना की घोषणा की।

# जीएचवी इंफ्रा ने दूसरे क्वार्टर में वृद्धि हासिल की

**मुंबई।** जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (BSE-505504) कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरे तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने इस अवधि के दौरान आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि जीएचवी इंफ्रा सड़क, रेल, पानी, एयरपोर्ट रनवे, बंदरगाह और ऊर्जा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ-साथ स्टील, रिफाइनरी, तेल और गैस पाइपलाइन्स, बड़े कारखाने आदि के औद्योगिक विकास तथा औद्योगिक, वेयरहाउसिंग, कॉमर्शियल, आवासीय, होटल, संस्थान, अस्पताल, प्लांट और नॉन-प्लांट इमारतों के EPC/टर्नकी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन से जुड़ी हुई कंपनी है।

GHV WE BUILD VALUE

# धरन इंफ्रा ने स्काइमैक्स इंफ्रापावर लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट किया

Dharan EPC-INFRA LIMITED

**मुंबई।** धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड ने (BSE: 541161) घोषणा की है कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी धरन इंफ्रा सोलर प्रा. लि. ने हाल ही में स्काइमैक्स इंफ्रापावर लिमिटेड, उत्तर प्रदेश के साथ एक सप्लाई एग्रीमेंट साईन किया है। इस कोन्ट्राक्ट की वेल्यू लगभग Rs. 215 करोड़ है।यह एग्रिमेन्ट मुख्य रूप से डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के कार्यों को शामिल करता है, जो 75 मेगावाट एली सोलर प्रोजेक्ट के लिए किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में नौ साईट्स पर डेवलोप कीए जाएगे। जो वित्त वर्ष 2025-26 से 2026-27 के बीच में पूर्ण होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह एक नोन-रिलेटेड पार्टी ट्रान्झेक्शन है, जिसे कंपनी ने अपने सामान्य व्यावसायिक कार्यों के तहत पूरा किया है।इस एग्रिमेन्ट के अंतर्गत, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड प्रोजेक्ट के लिए प्लांट इक्विपमेंट, स्ट्रक्चर और संबंधित कार्यों के डिज़ाइन, सप्लाई और इंस्टॉलेशन का कार्य करेगी। यह प्रोजेक्ट 75 MW (AC) / 95.10 MWp (DC) का ग्रिड-इंटरएक्टिव, ग्राउंड-माउंटेड सौर फोटोवोल्टिक पावर प्रोजेक्ट होगा, जो महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के नौ स्थानों पर स्थापित की जाएगा।

अगली सुनवाई 18 नवंबर को

# चैतन्य की जमानत याचिका पर ईडी को हाईकोर्ट का नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर को निर्धारित की गई है। ध्यान रहे कि इससे पहले चैतन्य की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 31 अक्टूबर को सुनवाई हुई थी। शीर्ष अदालत ने ईडी को 10 दिनों के भीतर अपना काउंटर एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस दौरान चैतन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क रखा, जबकि ईडी की ओर से एएसजी एस.वी. राजू उपस्थित रहे।

### क्या है आरोप

गौरतलब है कि ईडी ने 18 जुलाई को चैतन्य बघेल को भिलाई स्थित घर से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि शराब घोटाले से लगभग 16.70 करोड़ रुपए की अवैध राशि उन्हें प्राप्त हुई। जांच एजेंसी का दावा है कि इस रकम का उपयोग उन्होंने रियल एस्टेट कारोबार में किया। इसमें "विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट" में नकद लेनदेन और फर्जी फ्लैट खरीद के जरिए यह राशि निवेश होने की बात सामने आई। बैंकिंग लेनदेन से यह भी संकेत मिले हैं कि यह पैसा शराब सिंडिकेट से जुड़े लोगों के माध्यम से पहुंचा।

आत्मानंद स्कूल में ऐसी लापरवाही

# छुट्टी के बाद पहली की छात्रा स्कूल में बंद रह गई, मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला, हरणगढ़ में सोमवार को गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। स्कूल की छुट्टी के बाद शिक्षकों और चपरासी की लापरवाही के कारण कक्षा पहली की छात्रा कक्षा में ही बंद रह गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी-8 निवासी गुंजन मंडल रोजाना स्कूल बस से घर लौटती थी। लेकिन सोमवार को जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई।

### नींद में रह गई छात्रा, किसी ने नहीं देखा

बताया गया कि छुट्टी के दौरान बच्ची कक्षा में ही सो गई थी। किसी शिक्षक या चपरासी ने ध्यान नहीं दिया और बिना जांचे कक्षा में ताला लगाकर स्कूल बंद कर दिया गया। प्रधान पाठिका दिक्षिका साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत चपरासी को फोन कर ताला खुलवाया। बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने स्कूल प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। मामले की सूचना पर स्कूल के प्राचार्य मौके पर पहुंचे और परिजनों से लापरवाही के लिए माफी मांगी।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6038



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6037 का हल



## सूडोकु नवताल - 6048

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट टीम में स्मृति, जेमिमा, दीप्ति शामिल, हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह

## दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को मिली जगह, कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में भारत की महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हरमनप्रीत को जगह नहीं मिली है।दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं। लौरा ने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



### दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से किया प्रभावित

सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।



### पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज शामिल

आईसीसी के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है, जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

### आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम

1. स्मृति मंधाना (भारत)
2. लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका)
3. जेमिमा रोड्रिग्स (भारत)
4. मारिज़ेन काप (दक्षिण अफ्रीका)
5. ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
6. दीप्ति शर्मा (भारत)
7. एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
8. नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका)
9. सिदरा नवाज़ (विकेटकीपर) (पाकिस्तान)
10. अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
11. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)
12. नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)

## खबर संक्षेप



### चोट के कारण बीबीएल 15 से बाहर हुए अश्विन

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का इंतजार था लेकिन घुटने की चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। अश्विन सिडनी थंडर टीम का हिस्सा थे। अश्विन ने पिछले साल के आखिर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से और अगस्त 2025 में आईपीएल से संन्यास ले लिया था, जिससे कि वह दुनिया भर की टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित कर सकें, जिसमें बीबीएल, द हंड्रेड और एसए20 शामिल हैं। अश्विन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आने वाले सत्र की तैयारी के लिए चेन्नई में ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई। मैं बीबीएल 15 में नहीं खेल पाऊंगा। यह कहना काफी मुश्किल है। मैं इस समूह का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित था।' बीबीएल 15 की शुरुआत 14 दिसंबर से होगी।

### चैलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगे द्रविड़ के बेटे अन्वय

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय को बुधवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चार टीमों में से एक में शामिल किया



गया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर अन्वय को इस टूर्नामेंट के लिए टीम सी में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और युवा क्रिकेटरों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बीसीसीआई के अनुसार, 'जूनियर चयन समिति ने पांच से 11 नवंबर, 2025 तक हैदराबाद में होने वाली आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों का चयन किया है।' आरोन जॉर्ज की अगुवाई वाली टीम सी शुक्रवार को वेदांत त्रिवेदी की अगुवाई वाली टीम बी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### एलएसजी के वैश्विक क्रिकेट के निदेशक बने टॉम मूडी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी को इस टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए अपना वैश्विक



क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। आईपीएल में व्यापक अनुभव रखने वाले 60 वर्षीय मूडी सनराइजर्स हैदराबाद के दो बार मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में ब्रायन लारा के मुख्य कोच बनने पर यह फ्रैंचाइज़ी छोड़ दी थी। एलएसजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मूडी की एक तस्वीर पोस्ट की जिसका शीर्षक है 'अनुभव। दृष्टि। नेतृत्व कौशल। सुपर जायंट्स यूनिवर्स में आपका स्वागत है, टॉम मूडी।'' मूडी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से आठ टेस्ट और 76 एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने दोनों प्रारूपों में कुल मिलाकर 1667 रन बनाए और 54 विकेट लिए।

## यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से पूरा किया शतक

# रणजी ट्रॉफी में जायसवाल के 1 हजार रन पूरे, राजस्थान के खिलाफ ठोकी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

23 साल के यशस्वी जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में कमाल कर दिया। जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए शानदार शतक जड़ा। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बड़ी पारी खेली। इसी के साथ मुंबई के लिए उनके नाम 1 हजार रणजी ट्रॉफी रन हो गए हैं।

मुंबई की पहली पारी 254 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने छह विकेट पर 617 रन बनाकर अपनी पहली घोषित की। इसके बाद दूसरी पारी में तीसरे दिन यशस्वी ने अर्धशतक पूरा कर लिया था। चौथे दिन यानी मंगलवार को अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए जायसवाल ने शतक पूरा किया। जायसवाल ने चौथे दिन 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

यह शतक जायसवाल का 2019 में डेब्यू के बाद से रणजी ट्रॉफी में केवल 21 पारियों में मुंबई के लिए पांचवां शतक है। 23 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कुल 17 फर्स्ट क्लास शतक लगाए हैं, जिसमें सात टेस्ट शतक शामिल हैं।



### हरियाणा ने गुजरात को चार विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** निचले क्रम के बल्लेबाजों पार्थ वत्स और यशवर्धन दलाल की उम्दा पारियों से हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर गुजरात को चार विकेट से हरा दिया। गुजरात के 62 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने दो रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाज लक्ष्य दलाल और कप्तान अंकित कुमार चौथे ओवर तक ही पवेलियन लौट गए जबकि मयंक शांडिल्य (03) और निशांत सिंधू (13) भी नाकाम रहे, जिससे हरियाणा का स्कोर 23वें ओवर में छह विकेट पर 43 रन हो गया। विकेटकीपर यशवर्धन (नाबाद 14) और वत्स (नाबाद 13) ने हालांकि टीम का स्कोर छह विकेट पर 62 रन तक पहुंचाकर हरियाणा को जीत और छह अंक दिला दिए। बाएं हाथ के स्पिनरों विशाल जायसवाल (23 रन पर तीन विकेट) और सिद्धार्थ देसाई (25 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए।

### रेलवे ने हासिल किए तीन अंक असम को मिला एक अंक



गुवाहाटी में वर्षा से प्रभावित मैच में रेलवे के 224 रन के जवाब में असम की टीम 209 रन ही बना सकी। रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि असम को एक अंक मिला। असम की ओर से स्वरूपम पुरकायस्थ ने नाबाद 121 रन बनाए। रेलवे की तरफ से आदर्श सिंह ने 48 रन पर छह विकेट चटकाए। रेलवे ने जब दूसरी पारी में एक विकेट पर 97 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए।

### त्रिपुरा की बंगाल पर महत्वपूर्ण बढ़त

अगरतला में त्रिपुरा ने बंगाल के 336 रन के जवाब में 385 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और तीन अंक जुटाए। बंगाल को एक अंक मिला।
बंगाल ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 90 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। त्रिपुरा की ओर से कप्तान मणिपुर मूरासिंह ने नाबाद 102 जबकि हनुमा विहारी ने 141 रन बनाए।

### उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया

दिल्ली में हुए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया। उत्तराखंड के 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेना की टीम 105 रन पर सिमट गई।

# शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचे ग्रैंडमास्टर नारायणन



एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत के एसएल नारायणन ने पेरू के स्टीवन रोजास को हराकर शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

वह टाई ब्रेकर के जरिए राउंड ऑफ-128 में पहुंचने वाले पहले गैरवरीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पेरू के ग्रैंडमास्टर स्टीवन रोजास को 3-1 से मात दी। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और दो मुकाबले अपने नाम किए। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से होगा। उनके बाद भारत के दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगजियन से दोनों टाई-ब्रेकर गेम जीतकर क्वालिफाई किया।

- अगला मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से

वह दूसरे दौर में अमेरिकी इयान नेपोम्नियाची से भिड़ेंगे। वी प्रणव ने अल्जीरिया के अला एद्दिने बौलरेन्स को 2-0 से, रौनक साधवानी ने डेनियल बैरिश को 1.5-0.5 से, एम प्रणेश ने सतबेक अख्मेदिनोव को 1.5-0.5 से मात दी।

### पहले दौर में हारकर बाहर हुईं दिव्या देशमुख

विश्वकप में एकमात्र महिला खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं। उन्हें पहले दौर में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर स्टामाटिस कौरकौलोस-आर्डितिस से दोनों मुकाबले हारकर बाहर हो गईं। भारत के अन्य शीर्ष खिलाड़ी डी.गुकेश, आर प्रगनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती को पहले दौर में बाय मिला है। वह अगले दौर में खेलते नजर आएंगे।



## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# मंधाना को पीछे छोड़ नंबर एक बनीं वोल्वार्ट, जेमिमा टॉप-10 में शामिल



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स नौ स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

### रोड्रिग्स का शीर्ष 10 में प्रवेश

रोड्रिग्स ने शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की। आस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है।

### 14वें स्थान पर हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



### वर्ल्ड कप जीतने के बाद शेफाली को मिली उत्तर क्षेत्र की कप्तानी

**नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को नगालैंड में शुरू हो रही सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को नवी मुंबई में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 21 वर्षीय शेफाली ने 87 रन बनाने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने यह मैच 52 रन से जीत कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। शेफाली को चोटिल प्रतिका रावल की जगह सेमीफाइनल से पहले टीम में दिया गया था। नगालैंड में चार से 14 नवंबर तक होने वाली सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई की क्षेत्रीय चयन समितियों ने अपनी-अपनी टीमों का चयन किया।



# ओलंपिक खेल में 49 किग्रा भार वर्ग से हटी मीराबाई चानू, अब 53 किग्रा में कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा का भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वजन वर्ग में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं।

चानू ने तोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धाओं की कुल संख्या 12 कर दी है, जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है।



### वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद

भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी। शर्मा ने कहा, 'यह (49 किग्रा वजन वर्ग को हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि अपना वजन 48 किग्रा तक कम करना काफी कठिन प्रक्रिया थी।' अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने कहा, 'आईओसी के लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन कार्यक्रम को बढ़ाने के उत्साहजनक फैसले के बाद अब 12 स्पर्धाएं (छह पुरुष, छह महिलाएं) आयोजित की जाएंगी।'

## 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान-ए से होगी भिड़ंत

# राइजिंग एशिया कप टीम में वैभव सूर्यवंशी की एंट्री, जितेश कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल में अपनी चमक बिखरने वाले प्रियांश आर्य को इस महीने दोहा में होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को 14 से 23 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

भारत ए को ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए शामिल हैं।
भारत ए टीम 14 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से खेलेगी। जितेश अभी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं।

### 14 से 23 नवंबर तक दोहा में होगा टूर्नामेंट



### भारत ए टीम

प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, जितेश शर्मा (कप्तान, विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा। स्टैंड-बाय खिलाड़ी: गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिज़वी, शेख रशीद।

### सूर्यवंशी पर होगी सबकी नजर

बीसीसीआई के अनुसार, 'सीनियर पुरुष चयन समिति ने कतर में होने वाले एशियाई क्रिकेट परिषद के राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर 2025 तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।' सूर्यवंशी फिर से ऐसे खिलाड़ी होंगे, जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे युवा शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने ब्रिस्बेन में भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अंडर-19 युवा टेस्ट में भी शतक बनाया था।

## विस्फोट की दुर्घटना, 1 कर्मचारी झुलसा

# डेटोनेटर फटने से ओएफके धमाके से गूंजा

हरिभूमि जबलपुर।





आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) के एफ-9 सेक्शन में मंगलवार की सुबह-सुबह डेटोनेटर विस्फोट होने से एक कर्मी घायल हो गया। घायल को पहले आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एक निजी अस्पताल में रिफर कर दिया गया। कर्मचारी की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना से कर्मचारी नेताओं और श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त हैं। प्रबंधन द्वारा काम का अत्यधिक दबाव बनाने और सुरक्षा की अनदेखी करने से इस तरह के हादसे आए दिन हो रहे है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ओएफके के एफ 9 सेक्शन में प्रतिमेश ठाकुर नामक कर्मी मल्टीमोल्ड हैंड ग्रेनेड के डेटोनेटर को तैयार कर रहा था। इसे दौरान डेटोनेटर में तेज आवाज के साथ धमाका हो गया। घटना सुबह 9.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। धमाके की आवाज सुन मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने देखा कि प्रतिमेश ठाकुर के लेफ्ट हेंड से काफी खून बह रहा है।

डेटोनेटर ब्लास्ट में उसके हाथ की एक अंगुली भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थिति को भांपते हुए तत्काल ही घायल को ओएफके अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### धमाके से निर्माणी का कैंपस गूंजा

विस्फोट उस दौरान हुआ जब कर्मचारी मल्टीमोल्ड हैंड ग्रेनेड के उत्पादन से जुडे काम में लगा हुआ था। तेज आवाज के साथ हुए धमाके से निर्माणी का कैंपस गूंज उठा।

### बोर्ड ऑफ इंक्वारी बैठी

अभी घायल कर्मचारी का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उल्लेखनीय है कि गत 31 अक्टूबर को ए -1 सेक्शन में प्रेस मशीन में काम करते समय सुभाष आलम नामक कर्मी का अंगूली कट गई थी। उक्त घटना को लेकर बोर्ड ऑफ इंक्वारी बैठाई गई है। अभी इसकी जांच भी पूरी नहीं हो पाई थी कि एक ओर घटना सामने आ गई।


## सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# महाधिवक्ता कार्यालय में आरक्षित वर्ग के कितने शासकीय अधिवक्ता पदस्थ

हरिभूमि जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि महाधिवक्ता कार्यालय में आरक्षित वर्ग (ओबीसी, एससी व एसटी) के कितने शासकीय अधिवक्ता पदस्थ हैं। शीर्ष अदालत ने एडवोकेट जनरल ऑफिस में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की जानकारी भी पेश करने कहा है। मंगलवार को सुनवाई के बाद जस्टिस एम सुंद्रेश तथा जस्टिस सतीश शर्मा की खंडपीठ ने सरकार से पूछा कि महाधिवक्ता कार्यालय मे आरक्षण अधिनियम 1994 क्यों लागू नहीं होता। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद नियत की गई है।

ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। पूर्व में मप्र हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद शीर्ष अदालत की शरण ली गई। एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, वरुण ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में ओबीसी, एससी, एसटी की लगभग



88 प्रतिशत आबादी है। प्रदेश में 49.8 प्रतिशत महिलाओं की आबादी है। इसके बावजूद महाधिवक्ता कार्यालय में इस वर्ग के अधिवक्ताओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। इस कारण आरक्षित वर्ग के जज हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट मे नाम मात्र के हैं। वहीं सरकार की ओर से दलील दी गई कि शासकीय अधिवक्ता के पद पर कांट्रेक्ट नियुक्ति दी जाती है, इसलिए उसमें आरक्षण लागू नहीं किया जा सकता।

दलील दी गई कि मध्य प्रदेश आरक्षण अधिनियम 1994 की धारा 2(b) एवं 2(f) तथा धारा 3 एवं 4(2) मे स्पष्ट रूप से प्रावधान है की महाधिवक्ता कार्यालय, जिला न्यायलयों, निगम मंडल मे नियुक्त विधि अधिकारियों की नियुक्तियों मे आरक्षण लागू होगा। शासकीय अधिवक्ताओं को सरकार द्वारा राज्य की निधि (पब्लिक फण्ड) से निर्धारित सैलरी दी जाती है। महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर, इंदौर एवं ग्वालियर तथा सर्वोच्च न्यायलय मे एडीशनल एडवोकेट जनरल, डिप्टी एडवोकेट जनरल, शासकीय अधिवक्ता, उप शासकीय अधिवक्ता के लगभग 150 पद स्वीकृत हैं। इसके अलावा 500 से अधिक पैनल लॉयर्स के पद भी हैं।



## स्कूली वैन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत अंजनीधाम के पास सर्विस रोड एनएच 45 ग्राम कूड़न के पास एक स्कूली वैन की टक्कर लगने से एक सिक्योरिटी गार्ड वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। घटना के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिनौता निवासी 62 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड बालाराम अहिरवार मंगलवार की सुबह अशोक लीलेंड कंपनी तेवर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर घर वापस आ रहे थे। तभी अंजनीधाम के पास सर्विस रोड़ एनएच 45 ग्राम कूड़न के पास एक वैन ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही मौके पर उसका बेटा कैलाश चौधरी मौके पर पहुंचा और अपने पिता बालाराम को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने चैक कर बालाराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पाटन ओमप्रकाश रजक की अदालत ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाले आरोपी पति कमलेश चौधरी ऊर्फ करिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने बताया कि 18 अगस्त 2023 को आरोपी की पुत्री गोल्डी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। घटना के दिन मां अपनी बेटियों के साथ घर पर सो रही थी। आरोपी कमलेश ने कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी पर कई वार किए। अस्पताल ले जाते समय ही उसकी मृत्यु हो गई। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया।

## विकलांग पीड़ित जनसुनवाई में शिकायत लेकर एसपी आफिस पहुंचा

# इंश्योरेंस का झांसा देकर 5.5 लाख लेकर एजेंट फरार

**जबलपुर।** रांझी, रक्षा कॉलोनी निवासी एक इंश्योरेंस क्लेम के आश्वासन पर 5.5 लाख रुपए देने वाले चैतन्य चोपड़ा ने आरोप लगाया है कि एजेंट अमित कुमार लंब ने धोखाधड़ी की है। चैतन्य चोपड़ा, जो दोनों पैरों से विकलांग हैं, पिछले चार महीने से थानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मामला कुछ इस प्रकार है कि हाल ही में 16 फरवरी 2025 को रात 10:30 बजे चैतन्य चोपड़ा अपनी दुकान बंद करके तिलहरी स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी गोराबाजार थाना क्षेत्र के डी मार्ट के पास उनका सड़क हादसा हुआ। हादसे में उनके ऊपर से एक ट्रक गुजर गया और उनके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद उनके दोनों पांव नहीं जुड़ पाए आज उनकी यह स्थिति है कि वह अपने दोनों पांव के बिना ही जीवन जी रहे हैं, इनके इलाज में इतना पैसा उनका लग गया कि वह टूट चुके हैं।

चोपड़ा का अवीवा इंश्योरेंस कंपनी में 2014 से विगत 11 वर्षों से इंश्योरेंस चल रहा था, और उसका क्लेम एजेंट अमित कुमार लंब द्वारा किया गया था। हादसे की जानकारी मिलने पर अमित ने चैतन्य के पास पहुंचकर इंश्योरेंस क्लेम का पैसा दिलाने का भरोसा दिलाया और उनसे 5.5 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद



अमित लंब लापता हो गए और अब तक इंश्योरेंस क्लेम भी नहीं दिलाया गया।

मंगलवार को जनसुनवाई में जबलपुर एसपी ऑफिस में फरियादी चैतन्य चोपड़ा अपने परिवार के साथ एवं सुरेश कुमार जैन (शाहपुरा निवासी) के साथ जबलपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, उनका आरोप है कि अमित कुमार लंब ने सुरेश जैन के साथ भी 9 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। यह मामला पहले से थाना शहपुरा और थाना ओमती में लंबित है। और आज तक इस पर किसी भी तरीके की कोई कार्रवाई नहीं की गई एवं आरोपी पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की है आखिर ऐसा क्यों, बताया जा रहा है कि अमित कुमार लंब के खिलाफ सतना जिले में भी शिकायत दर्ज है। रांझी थाने में अब तक उनकी शिकायत दर्ज के बाद भी एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच नहीं हुई है, बस उनके गुमशुदा के ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर लगा दिए गए हैं उसे पर भी ऐसी फोटो लगी है जो उनकी ओरिजिनल फोटो से कहीं मैच ही नहीं करती है, लोगों ने कैसे पहचानेंग।

### न्याय दिलाने कैट संस्था आई सामने


फरियादी चोपड़ा एवं जैन ने मिलकर कनफेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जबलपुर व्यापारिक संस्था से संपर्क किया एवं अपनी पूरी दास्तान बताई। संस्था के पदाधिकारी ने उन्हें हौसला दिलाया और कहा है कि हम आपके साथ हैं आप की इस दुख की घड़ी में पूर्ण रूप से सहयोग देंगे, और हमें जिस स्तर तक भी जाना होगा हम आपके साथ आगे बढ़कर न्याय दिलाएंगे।

## मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पर एक लाख रु जुर्माना

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण सहकारी समिति, लवकुशनगर के कर्मचारियों को मप्र विद्युत मंडल में संविलियन मानते हुए उन्हें सभी अनुषांगिक आर्थिक लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 90 दिन के भीतर उक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यही नहीं, कोर्ट ने कंपनी पर कॉस्ट अधिरोपित करते हुए कहा कि दो याचिकाकर्ताओं को 50-50 रुपए का भुगतान करें।

छतरपुर निवासी राम बहादुर तिवारी, कमलाकांत द्विवेदी और लखन प्रसाद पांडे की ओर से अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता याचिकाकर्ता पूर्ववर्ती ग्रामीण विद्युतीकरण सहकारी समिति, लवकुशनगर के अधिग्रहीत कर्मचारी हैं। यह मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल की छठी उत्तराधिकारी कंपनियों में से एक है। मप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग के 2010 के आदेश के बाद उक्त समिति को विद्युत मंडल में अधिग्रहीत किया गया था। बाद में कंपनीकरण के बाद याचिकाकर्ताओं का संविलियन नहीं किया गया, जबकि वे पिछले 30 से 35 वर्ष से कार्यरत हैं।





याचिकाकर्ता सेवानिवृत्ति के कगार पर हैं और यदि उन्हें संविलियन का लाभ नहीं दिया गया तो उनके सेवानिवृत्त लाभ प्रभावित होंगे। वहीं कंपनी की ओर से दलील दी गई कि जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त पूर्ववर्ती समिति में नियुक्ति के दौरान याचिकाकर्ताओं के पास उपयुक्त योग्यता नहीं थी। कोर्ट ने कंपनी के इस तर्क को नकारते हुए याचिकाकर्ताओं को एब्सॉर्पशन का लाभ देने के निर्देश दिए।

## समपार फाटक क्र. 342 सलैया फाटक अस्थायी रूप से बंद रहेगा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता, कटनी उपमंडल के कार्यक्षेत्र अंतर्गत स्लीमनाबाद-डुंडी रेल खण्ड में स्थित समपार फाटक क्र. 342 (सलैया फाटक) किमी 1047/29-31 अप रोड एवं 1047/28-30 डाउन रोड पर रेल पथ की सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीसीएम मशीन से डीप स्क्रीनिंग एवं ओवरहॉलिंग कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के निष्पादन हेतु दिनांक 05 नवम्बर 2025 (प्रातः 07:00 बजे) से 11 नवम्बर 2025 (रात्रि 08:00 बजे) तक उक्त समपार फाटक सड़क यातायात हेतु दिन-रात पूर्णतः बंद रहेगा।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनाः तिरूपति-श्री कालहस्ती यात्रा के लिए 8 नवम्बर तक करें आवेदन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तिरूपति-श्री कालहस्ती तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस यात्रा के लिए 13 नवम्बर को जबलपुर से विशेष ट्रेन रवाना होगी। तीर्थ यात्रियों के लिए कुल 300 सीटें आरक्षित की गई हैं। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 8 नवम्बर तक अपने आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते हैं। आवेदन तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदार (रांझी, गोरखपुर, अधारताल, सिहोरा, पाटन, मंझौली, कुंडम, पनागर, शहपुरा, जबलपुर) या संबंधित नगर पालिका/जनपद पंचायत कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। निवास प्रमाण पत्र (राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बिजली बिल आदि में से कोई एक) आधार कार्ड की प्रति, नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, घोषणा पत्र (कि पिछले 5 वर्षों में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत यात्रा नहीं की है)। वे वरिष्ठ नागरिक, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा की है, इस यात्रा के लिए पात्र नहीं होंगे।

## एसी कोच के बाथरूम में गिरे यात्री की मौत

# ट्रेन में सफर के दौरान थम गई जिंदगी की डोर

**जबलपुर।** मऊ से चलकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) जाने वाली ट्रेन के एसी-2 कोच के बाथरूम में एक बुजुर्ग यात्री की अचानक तबियत बिगड़ गई और वह गिर गये. जबलपुर में हुए इस दुर्घटनाक्रम में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया है कि वृद्ध के परिजनों ने उन्हें तत्काल सीट पर लेटाया और रेलवे अस्पताल को सूचित किया, लेकिन जबलपुर में डॉक्टर की बजाय कम्पांउडर यात्री की जांच करने पहुंचा, जिससे यात्रियों में आक्रोश देखा गया।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ से चलकर एलटीटी को जाने वाली गाड़ी संख्या 15181 के बी-4 कोच में 70 वर्षीय यात्री सुबह जब बाथरूम गये तो वहां पर उन्हें चक्कर आया और वह वहीं गिर पड़े, उन्हें तत्काल साथ में यात्रा कर रहे परिजनों व अन्य यात्रियों ने सीट पर लेटाया और




घटना की सूचना ट्रेन के कंडक्टर को दी. कंडक्टर ने कंट्रोल के माध्यम से रेलवे अस्पताल में मरीज के अस्वस्थ होने की सूचना दी।

ट्रेन सुबह जबलपुर पहुंची तो मरीज को अटेंड करने डाक्टर की जगह कम्पांडर पहुंचा, उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और अस्पताल में फोन करके एक डाक्टर को बुलाया, तब तक यात्री की मौत हो चुकी थी. बताया जाता है कि कम्पाउंडर द्वारा मरीज को देखने के बाद कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो फिर से अस्पताल कॉल करके एक चिकित्सक को स्टेशन बुलाया गया, तब चिकित्सक ने यात्री को मृत घोषित किया. अस्पताल प्रशासन ने जिम्मेदार डाक्टर की जगह कम्पाउंडर भेजकर संवेदनहीनता दिखाई गई, इससे नाराज होकर पीड़ित परिवार ने पूरे घटनाक्रम की शिकायत रेलमंत्री, रेलवे बोर्ड चेयरमैन करने की बात कही गई।

## गढ़ा थाना स्टाफ में खुशी, सालों बाद पहली बार सड़क से नजर आया थाना

# त्रिपुरी चौक से हटी मटकों की दुकानें

**जबलपुर।** जिला, पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन के द्वारा शहरहित में संचालित अतिक्रमण हटाओं अभियान के अंतर्गत मंगलवार को छोटी लाइन फाटक से गढ़ा, त्रिपुरी चौक तक सड़क किनारे के अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविंद शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रिपुरी चौक स्थित गढ़ा थाने की बाउंड्रीवाल से लगकर सालों से अवैध रूप से जमे मटकों की दुकाने हटवाई गयी। सहायक अतिक्रमण अधिकारी ने बताया कि संभाग क्रमांक 5 के



पुराने थाने से लेकर नए थाने तक बाउंड्रीवाल के किनारे मटका वालों ने किया था कब्जा, आज सालों बाद अतिक्रमण की टीम ने हटवाई अवैध दुकानें

अंतर्गत कस्तूरबा गांधी वार्ड में नालों में जमे अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गयी। इसके साथ-साथ भँवरताल गार्डन के आस पास के क्षेत्रों में भी अतिक्रमण की कार्रवाई करते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया। इस अवसर पर सड़क किनारे दुकान न लगाने की समझाईश भी मुनादी के माध्यम से दी गयी। इस अवसर पर सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश भदौरिया और दलप्रभारी लक्ष्मण कोरी, बृजकिशोर तिवारी, जे. प्रवीण, अभिषेक समुद्रे, अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240




## 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन 8 और 9 को, शामिल होंगे फिल्म स्टार रणदीप हुड्डा

**नमस्कार संस्कारधानी, मैं हूँ आपका अपना, रणदीप हुड्डा...**

**जबलपुर।** दोस्तों, मैं आ रहा हूँ... आपके अपने शहर, संस्कारधानी जबलपुर में... जबलपुर, जो सिर्फ़ संस्कृति और शौर्य का प्रतीक ही नहीं, बल्कि पर्यटन के लिए भी बेहद सुंदर है।दोस्तों, आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है... यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे वृक्षारोपण, में इन इंडिया का प्रमोशन एवं स्वस्थ जागरूकता आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा।8 और 9 नवम्बर को, शौर्य और संस्कृति की धरा जबलपुर के आर्मी क्षेत्र में, यह गौरवमय कार्यक्रम होने जा रहा है... देश के वीर जवानों के बीच। सम्मान, संस्कृति और संकल्प इस कार्यक्रम में वीर माताओं और वीर नारियों का हृदय से सम्मान होगा। यहाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक प्रयास होगा, हजारों की संख्या में प्लांटेशन और मैरोथन (दौड़) का आयोजन होगा।आइए, वीर सैनिकों के सम्मान में इस कार्यक्रम में भाग ले, पेड़ लगाकर अपना योगदान दे।मैं इस भव्य आयोजन के लिए... लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत जी (जिन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है) आर्यवीर जी (जो इस फेडरेशन के फाउंडर हैं ) और देश के सभी वीर जवानों को मैं नतमस्तक होकर अपना आभार व्यक्त करता हूँ! जय हिंद, जय भारत, जय हिंद की सेना। मिलते हैं जबलपुर में, भारत के वीर जवानों से ।

**संस्कार से ही जीवन में बदलाव आता है-मुख्यमंत्री**

### जबलपुर से मध्य प्रदेश में हुई 'चलो बनें आदर्श' की शुरुआत, 'इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स' आईपीडीसी का हुआ एमओयू

# मुख्यमंत्री ने बीएपीएस के दो बड़े शिक्षा प्रकल्पों का किया शुभारंभ





**जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जबलपुर में बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा आयोजित जीवन उत्कर्ष महोत्सव में दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रकल्पों का शुभारंभ किया। इन प्रकल्पों, 'चलो बनें आदर्श' और 'इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स' (आईपीडीसी) का उद्देश्य क्रमशः स्कूली बच्चों और कॉलेज के युवाओं में संस्कारों और जीवन मूल्यों का सिंचन करना है।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संस्कार से ही जीवन में बदलाव आता है। हमारी सनातन संस्कृति अद्भुत है, अब परिलक्षित होती दिखाई दे रही है, इसलिये भारत को सदैव विश्वगुरू के रूप में दुनिया देखती है। जिसमें अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने की भावना है। उन्होंने बीएपीएस संस्था के वैश्विक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अबूधाबी में बना भव्य बीएपीएस हिंदू मंदिर एक चमत्कार है। उन्होंने इस बात पर विशेष गर्व व्यक्त किया कि संस्था के वर्तमान प्रमुख, महंत स्वामी जी, जबलपुर की ही देन हैं, जो आज पूरी दुनिया को प्रेरणा दे रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवन के कल्याण को लेकर चलने का सभी का मन होता है। साथ ही कहा कि हमने देवता नहीं देखे, लेकिन देवालयों में उन दिव्य कल्पनाओं का साकार रूप दिखता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बीएपीएस जैसी संस्थाएं और हमारे मंदिर, भगवान से संस्कार लेकर हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामीनारायण संस्था दुनिया को पहचानने और स्वयं को जानने का जो प्रयास कर रही है, वह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश की धरती पर इस "परिवर्तन की यात्रा" का आरंभ करने के लिए संस्था का अभिनंदन किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी नगर, महानगर और उपज भूमि सबकी अपनी-अपनी महत्ता है। लेकिन जितना भाग्य इस पावन नगरी जबलपुर को दिया गया है वह थोड़ा अधिक है। यहां मां नर्मदा की कृपा है, जो अमरकंटक से चलकर आती है और यहां के पत्थरों को भी संगमरमर का रूप देती है। मां नर्मदा मध्यप्रदेश और गुजरात को सिंचित करती है, जीवों और वन संपदा को समृद्ध करती है। यहाँ आने से केवल एक दैवीय आशीर्वाद ही नहीं मिलता, बल्कि यहाँ से जाने वाले जन्म-जन्मांतर तक महंत स्वामियों से भी दुनिया भर के संतों का आशीर्वाद मिलता है। यहाँ के वातावरण में एक ऐसी ऊर्जा है जो हमें निरंतर प्रेरित करती है। साथ ही कहा कि आजादी के अमृत काल में हमें वही आत्मविश्वास मिला है जो आत्मबल हमारे भीतर भगवान ने रखा था, वही अब पुनः प्रकट हो रहा है।

### 45 लाख विद्यार्थियों के बाद अब मध्य प्रदेश में शुरुआत

बीएपीएस संस्था के वरिष्ठ संत पूज्य ज्ञानानंद स्वरूप स्वामी जी ने प्रकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि 'चलो बनें आदर्श' प्रकल्प वीडियो के माध्यम से प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों में बचपन से ही जीवन मूल्यों की दृढ़ता का संचार करता है। यह प्रोजेक्ट पहले से ही गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित पांच राज्यों की 23 हजार शालाओं में सफलतापूर्वक चल रहा है, जिसका लाभ 45 लाख से अधिक विद्यार्थी ले रहे हैं। आज से यह प्रकल्प मध्य प्रदेश में भी आरंभ हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसका उद्घाटन कर प्रकल्प को आगे बढ़ाने का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी जी को सौंपा।

इसके साथ ही, कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 'इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स' (आईपीडीसी) का भी शुभारंभ किया गया। यह प्रकल्प कोर्स जिसमें युवाओं को नकारात्मकता, मोबाइल की लत, नशीले पदार्थों और डिप्रेशन जैसे संकटों से निकालकर उन्हें भारतीय सनातन मूल्यों से जोड़ने का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने मंगलायतन यूनिवर्सिटी और रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर्स को इस कोर्स की जिम्मेदारी सौंपी और संबंधित एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बीएपीएस अबू धाबी हिन्दू मंदिर के संचालक पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और प्रमुख स्वामी महाराज के एक प्रसंग का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि कैसे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम साहब के विज़न में प्रमुख स्वामी जी ने "भगवान में श्रद्धा" को जोड़ा, क्योंकि श्रद्धा से ही नैतिक मूल्य और राष्ट्र प्रगति संभव है। इस अवसर पर संतगण, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भी मंचासीन थे। वहीं संभागायुक्त धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



### स्वामी नारायण मंदिर में गुरु पूजन विधि में शामिल हुये मुख्यमंत्री डॉ यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शाम जबलपुर प्रवास के दौरान रसल चौक के समीप स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर पहुँचे और यहाँ गुरु पूजन विधि में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने परब्रह्म भगवान स्वामी नारायण के छठें आध्यात्मिक अनुगामी ब्रह्मस्वरूप महंत स्वामी जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और तिलक लगाया। गुरु पूजन विधि ब्रह्म बिहारी स्वामी जी ने संपन्न कराई। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, भाजपा के ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि स्वामीनारायण संस्था के वर्तमान प्रमुख और परब्रह्म भगवान स्वामी नारायण के छठे आध्यात्मिक अनुगामी ब्रह्मस्वरूप महंत स्वामी जी का जन्म इसी स्थान पर 13 सितंबर 1933 को हुआ था।

## स्ट्रीट डॉग पर नियंत्रण करने सेंट्रल कमेटी गठित

### वार्ड कमेटियां एक माह के भीतर गठित की जायेंगी

**जबलपुर।** जबलपुर में आवारा श्वानों को हो रहे कहर पर नियंत्रण करने हेतु 21 सदस्यीय सेंट्रल कमेटी आज ही गठित की गई है। वार्ड समितियां एक माह के भीतर गठित की जायेंगी।

यह जानकारी उपभोक्ता मंच को देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आज ही कठौंदा जाकर वहां के डॉग हाउस की क्षमता बढ़ाने हेतु रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द टेण्डर जारी कर इस डॉग हाउस का विस्तार करने हेतु निर्देश दिए जायेंगे, जिससे एक माह के भीतर इस संबंध में काम पूरा किया जायेगा। उन्होंने आवारा श्वानों की नसबंदी तथा टीकाकरण हेतु स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश जारी किए तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।



इसके पूर्व में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, पेंशनर्स समाज तथा सीनियर सिटिजन वेलफेयर एसोसिएशन आदि संगठनों के पदाधिकारियों ने महापौर से जबलपुर में आवारा श्वानों के नियंत्रण पर ठोस कार्यवाही की चर्चा की।

डॉ. पी. जी. नाजपांडे ने बताया कि 12 सितम्बर को महापौर ने आवारा श्वानों के संबंध में बैठक आयोजित की थी जिसमें सेंट्रल कमेटी, वार्ड कमेटियां तथा कठौंदा डॉग हाउस की क्षमता बढ़ाने हेतु निर्णय लिया गया था। लेकिन 2 माह बीतने के बावजूद भी इन निर्णयों पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि 03 नवम्बर को म.प्र. शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें जबलपुर को उल्लेख किया गया है। अतः अब ठोस कार्यवाही नहीं होगी तो जन संगठन सड़क पर आंदोलन करेंगे, तथा सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर कर जबलपुर में हो रही निष्क्रियता सामने लाई जायेंगी।

इस अवसर पर एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टी. के. रायघटक, डी. के. सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, डी. आर. लखेरा, विनायकराव सोरते, कुन्दन सिंह नेगी, लखन प्रजापति, ममता हरदहा, उमा दाहिया, मोहन श्रीवास्तव, अनुज कुमार परोहा, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

**हाईकोर्ट ने असंतोष जताते हुए 253 पेड़ों में से प्रत्येक की तस्वीरें जीपीएस लोकेशन के साथ पेश करने के दिए निर्देश**

## जिन पेड़ों को स्थानांतरित नहीं किया जा सका, उनसे 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे : सरकार

**जबलपुर।**

भोपाल के नजदीक भोजपुर मंदिर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में सरकार की ओर से हलफनामा दायर कर तर्क दिया गया कि कलेक्टर द्वारा 3 जून 2025 को 448 पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई थी। जिन पेड़ों को स्थानांतरित नहीं किया जा सका, उनसे 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। मामले पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार के जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि वर्तमान फोटो देखकर साफ पता चलता है कि किसी भी पेड़ को प्रत्यारोपित नहीं किया गया है, बल्कि पेड़ों को पूरी तरह से काट दिया गया है। कुछ पेड़ों के तने ज़मीन में गाड़ दिए गए हैं, जिनमें से कुछ



में अंकुर निकलने लगे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि तस्वीरों से यह संकेत नहीं मिलता है कि किसी भी पेड़ को पुनः प्रत्यारोपित किया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने सरकार को कथित रूप से प्रत्यारोपित किए गए 253 पेड़ों में से प्रत्येक की तस्वीरें जीपीएस लोकेशन के साथ पेश करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।

गौरतलब है कि अखबार में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की थी। खबर में यह तथ्य उजागर किया गया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लोनिवि रायसेन ने बिना अनुमति के 488 पेड़ काट दिए।

नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना है। यदि किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित 9 सदस्यीय समिति या वृक्ष अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है।

### चोरी की रिपोर्ट लिखाने पर किराएदार ने की मकान मालिक से मारपीट

**जबलपुर।** गोराबजार थाना अतंर्गत वाटर वर्क्स रोड कृष्णा कालोनी में किराए दार ने अपने मकान मालिक के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाटर वर्क्स रोड कृष्णा कालोनी निवासी 35 वर्षीय डिंपल राव के मकान में लगभग 4 वर्ष से छाया इरपाते का परिवार रहता है। डिंपल ने दिनांक 25 जुलाई 2025 में थाना गोराबजार में चोरी की रिपोर्ट की थी जिसमें शक में छाया इरपाते के परिवार का नाम लिखवाया है इसी बात पर छाया इरपाते का परिवार आये दिन उससे लड़ाई झगड़ा करता है। मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे मनीषा इरपाते आकर गेट का ताला तोड़ने लगी और गाली गलौज देने लगी उसने ताला तोड़ने से मना किया एवं चाबी लाकर देने को कहा तभी छाया, अर्चना, छाया की मां ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर कान पर हमला कर दिया जिससे उसे कान से सुनाई नहीं दे रहा है (

**महापौर व निगमायुक्त अचानक पहुंचे रांझी**

## जांची-परखी सफाई संरक्षकों की हाजिरी व सफाई व्यवस्था

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ आकस्मिक रूप से संभाग क्रमांक 10 रॉझी पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए वार्डवार सफाई संरक्षकों की उपस्थिति भी चेक की, जहॉ नगर निगम के स्थाई श्रमिकों की उपस्थित 95 प्रतिशत मिली वहीं सफाई ठेकेदारों के श्रमिकों की उपस्थिति मात्र 47 प्रतिशत मिली और इतने ही उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज थी। महापौर ने बताया कि सफाई संरक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने की कार्रवाई में कोई गलती नहीं पाई गयी। परन्तु सफाई ठेके के सफाई श्रमिकों की उपस्थिति कम पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध महापौर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सफाई के कार्यो में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने हिदायत दी कि रॉझी संभाग के अंतर्गत 6 वार्ड हैं, 6 वार्डो के लिए जो सफाई संरक्षक स्वीकृत हैं उतने कर्मचारी हरहाल में उपस्थित रहें और बीटों पर



तैनात रहकर कार्य करें। महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि जो कर्मचारी जिस वार्ड में जिस बीट पर काम करने के लिए नियुक्त है वह कर्मचारी उसी वार्ड में उसी बीट पर काम करते नजर आना चाहिए। एक वार्ड का कर्मचारी दूसरे वार्ड में काम करने नहीं जायेगा। इस बात का विशेष ख्याल रखने महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने भी सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी में दर्ज नाम में कोई फेरबदल नहीं किया जायेगा और ई-अटेंडेन्स के आधार पर ही सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की गणना की जायेगी और उसी के अनुरूप ठेकेदारों को भुगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ठेके के कर्मचारी की उपस्थिति कम आने पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर अपर आयुक्त अरविंद शाह,व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

**रांझी में नियमों की धज्जियाँ, निगम से सख्त कार्रवाई की मांग**

# रहवासी क्षेत्र में बिना अनुमति खड़ा किया बहुमंजिला भवन!

**हरिभूमि, जबलपुर।** नगर निगम की लापरवाही और नियमों की अनदेखी के बीच रांझी क्षेत्र में अवैध निर्माण का एक और मामला उजागर हुआ है। चंद्रशेखर वार्ड स्थित जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 26 में भवन स्वामी अनिल राय और उनके पिता स्व. लालचंद्र राय द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के बहुमंजिला भवन खड़ा करने का आरोप जनसुनवाई में गूंजा। शिकायतकर्ता लीलाधर बेन ने नगर निगम आयुक्त को लिखित आवेदन देकर मांग की है कि इस अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

### न एनओसी न स्वीकृति

शिकायत के अनुसार यह क्षेत्र पूरी तरह रहवासी घोषित है, बावजूद इसके भवन स्वामी ने मुख्य मार्ग पर दुकानों का निर्माण कर उन्हें किरायेदारी पर दे दिया, जहाँ रोजाना व्यावसायिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं। न तो इसका कोई निर्माण अनुज्ञा पत्र है, न ही नगर निगम या जेडीए की स्वीकृति। बताया गया है कि हाल ही में इस



भवन को बहुमंजिला रूप में परिवर्तित कर दिया गया है, जिससे आसपास के रहवासियों को पार्किंग, मार्ग अवरोध और सुरक्षा संबंधी समस्याएँ बढ़ गई हैं।

### बिल्डरों के हौसले बुलंद

शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह के निर्माण से न केवल क्षेत्र की योजना व्यवस्था ध्वस्त हो रही है, बल्कि भविष्य में ऐसे मामलों को बढ़ावा भी मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण बिल्डरों के हौसले बुलंद हैं, और नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य खुलेआम जारी है।

### निगम में मचा हड़कंप

मामले के उजागर होने के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक निगम प्रशासन ने भवन अनुज्ञा शाखा से रिपोर्ट तलब की है। यदि जांच में गड़बड़ी पाई गई तो भवन पर विध्वंस या सीलिंग की कार्रवाई संभव मानी जा रही है।

### निगम की कार्रवाई पर निगाहें

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि प्रशासन को यदि अब भी कार्रवाई नहीं की तो क्षेत्र में रहवासी और व्यावसायिक सीमाओं का अंतर मिट जाएगा और रांझी अव्यवस्थित बस्ती में बदल जाएगा। अब निगाहें निगम की कार्रवाई पर हैं क्या नियम तोड़ने वालों पर गिरेगी गाज या फाइलों में दफन हो जाएगा मामला?

### भवन स्वामी बोले आरोप निराधार

उधर भवन स्वामी अनिल राय ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा आरोप पूरी तरह निराधार हैं। हमने किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। हम किसी भी प्रकार की जांच के लिए तैयार हैं।

## कफ सिरप कांड के आरोपी डॉक्टर की जमानत पर 11 नवम्बर को होगी सुनवाई

**जबलपुर।** प्रदेश में जानलेवा कफ सिरप से हुई 24 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डॉक्टर प्रवीण सोनी की जमानत पर मंगलावार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई निर्धारित करने का आग्रह किया। जस्टिस जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 11 नवम्बर को निर्धारित की है।छिंडवाडा में 22 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंडवाडा में अधिकांश को डॉक्टर प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कप सिरप की निर्माण कंपनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डॉ प्रवीण सोनी व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफतार किया था। जिला न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपी डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद आरोपी डॉक्टर ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है।जमानत याचिका में कहा गया है कि डॉक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुमत्ति आवश्यक है। पुलिस ने बिना अनुमत्ति ही प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होने डॉक्टर होने के नाते बच्चों को कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। कफ सिरप बनाने तथा उसे बेचने की अनुमत्ति निर्माण कंपनी को सरकार के संबंधित विभागों ने प्रदान की है। उनकी कफ सिरप के बनाने में कोई भूमिका नहीं थी। वह कप सिरप की निर्माता व विक्रेता नहीं है। आरोपी डॉक्टर की जमानत का विरोध करते हुए आपत्तियां भी पेश की गई हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण

# अरुणाभ घोष स्टेडियम का शीघ्र होगा विस्तार: विधायक बरकडे

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

लम्बे समय से क्रिडा.प्रेमियो द्वारा की जा रही अरुणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम के विस्तार का मार्ग क्षेत्रिय विधायक की पहल पर प्रशस्त होता नजर आ रहा है।विधायक संतोष बरकडे. ने विस्तार में अवरोध उत्पन्न कर रहे लोगों से उनके बीच पहुंचकर संवाद स्थापित कर प्रशासन को संभावित दिक्कतों के तत्काल निराकरण हेतु निर्देश दिये तथा जहां के पट्टे दिया जाना है वहां का निरिक्षण किया। जल्द ही स्टेडियम की जगह अतिक्रमण कर निवासरत लोगों को सर्व सुविधा युक्त स्वस्छ वातावरण में विस्थापित कर स्टेडियम का विस्तार किया जायेगा।



### स्टेडियम की जमीन पर बसाहट बन रही थी रोडा

एक तरफ सरकार पारंपरिक खेलों एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का दावा कर रही है वहीं धरातल पर खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं थी। सिहोरा में खेल मैदान के नाम पर एक नगर के मध्य एवं प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं के निकट अरुणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम विगत कई वर्षों से अपने विस्तार की बाट जोह रहा था उल्लेखनीय है आकार एवं क्षेत्रफल की दृष्टि से संकीर्ण होने के कारण स्टेडियम 26 जनवरी 15 अगस्त के सांस्कृतिक प्रोग्राम के आयोजन तक सीमित रह गया है। क्रिकेट प्रेमियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन के नुमाइंदों से अनेकों बार गुहार लगाने के बाद भी स्टेडियम की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर विस्तारित नहीं किया जा सका। जबकि नगर की पालक संस्था के पास अरुणाभ घोस स्टेडियम के विस्तार का पूरा प्रारूप तैयार था। स्टेडियम के पीछे बसी बसाहट को अन्यत्र स्थानांतरित करने तत्कालीन विधायक नंदनी मरावी के समय बकायदा कब्जाधारियों के पट्टे भी तैयार कर लिए गए थे किंतु दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी एंव अतिक्रमणकारियों के असहयोग के कारण बस्ती का विस्थापन न होने के कारण स्टेडियम का विस्तारीकरण नहीं हो पा रहा था।

### कई वर्षों से नहीं हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट

स्वर्गीय अरुणाभ घोस मेमोरियल स्टेडियम में होने वाला क्रिकेट टूर्नामेंट मैं जबलपुर जिले के अलावा आसपास के जिले की टीम भी हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करती थी किंतु विगत कुछ वर्षों से मैदान के पीछे अवैध बसाहट के चलते क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं हो पा रहा जिसके कारण खिलाड़ियों में गहरी हताशा व्याप्त है। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अलावा तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता था लेकिन स्टेडियम की कमी के चलते दुर्दशा की शिकार खेल मैदान में प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे,अनुपम सराफ,शिशिर पांडे, अंकित तिवारी,नीरज पांडे, एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### इनका कहना है

बस्ती के लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हे सर्वसुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर प्रशासन को सड़क नाली प्रकाश पेयजल की उपलब्धता कराकर पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिये गये है।जल्द ही आवास योजना से लाभान्वित कर स्टेडियम का विस्तार किया जायेगा।

**संतोष बरकड़े**
विधायक सिहोरा



मनमाना रवैया अपनाने एवं कार्य प्रणाली को लेकर है रोष

# ......तो अधिवक्ता करेंगे तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार

**सिहोरा**। तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस के साथ अनेक अधिवक्ताओं ने सोमवार को सिहोरा में पदस्थ तहसीलदार की कार्यप्रणाली को लेकर कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसीलदार रुपेश्वरी कुंजाम के द्वारा सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है किसी भी एक प्रकरण में प्रत्येक दिन पेशियां लगाई जा रही एंव समस्त साक्षियों का साक्ष्य एक ही दिन में कराने का दवाब बनाया जा रहा साक्ष्य न करा पाने की दशा में अवसर समाप्त किया जा रहा है तथा साक्षी की अनुपस्थिति में प्रकरण निरस्त किए जा रहे है। अधिवक्ताओं को यह कह कर की 6 बजे तक कोर्ट रहेगी आप 5 बजे गवाही मे उपस्थित रहें अन्यथा अवसर समाप्त कर दिया जावेगा और स्वयं अनुपस्थित रहती है। अधिवक्ता संघ सिहोरा के अधिवक्ताओं के साथ तहसीलदार मनमाना रवैया अपना रहीं है। न्यायालय कक्ष में अधिवक्ता का मोबाइल बजने पर जुर्माना किया जा रहा है किन्तु स्वयं न्यायालय में अपने मोबाइल का उपयोग करती है। सिविल कोर्ट सिहोरा के अधिवक्ताओं के साथ अनैतिक भाषा का प्रयोग किया जाता है जिस कारण से समस्त अधिवक्ताओं के मन में रोष व्याप्त है। अगर तहसीलदार के द्वारा अपनी कार्यप्रणाली एवं कार्यव्यवहार में परिवर्तन नही लाया गया तो उक्त न्यायालय का सभी अधिवक्ताओं के द्वारा बहिष्कार करने के साथ उग्र आन्दोलन किए जाने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा,सचिव आनंदमणि त्रिपाठी,सह सचिव आशीष ब्यौहार,आलोक ब्यौहार,आनंद पटेल,अभय नारायण मिश्रा,साकेत पीडिहा,रवि शंकर पटेल,उत्तम प्रसाद सोनी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस कप्तान ने किया सम्मानित



**जबलपुर**। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आयुष गुप्ता (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी उपस्थित रहीं। सम्मानित अधिकारियों में थाना कटंगी के उप निरीक्षक लवकुश साकेत को गुमशुदाओं की दस्तयाबी हेतु, थाना गोरखपुर के सहायक उप निरीक्षक रावेन्द्र तिवारी को विवेचना के दौरान चोरी गए मशरूका की बरामदगी हेतु, यातायात थाना घमापुर के सहायक उप निरीक्षक अजय चौबे को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रभावी चालानी कार्यवाही हेतु तथा सोशल मीडिया सेल के आरक्षक शुभम सिंह दीक्षित को सोशल मीडिया मॉनीटरिंग में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### प्राकृतिक खेती पंजीयन प्रशिक्षण शिविर आज

**सिहोरा**। निकटवर्ती ग्राम घुघरा हरिओम गौशाला भदभदा में प्राकृतिक खेती पंजीयन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संतोष बरकडे विधायक सिहोरा के मुख्य आतिथ्य, रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष की अध्यक्षता एंव दीना पटेल जनपद सदस्य,मोनू धंनजय परौहा सरपंच के विशिष्ट आतिथ्य में आज 5 नवम्बर बुधवार को। दोपहर 1 बजे किया गया है। जिसमें ताराचंद बेलजी प्रवर्तन पंचमहाभूत कृषि के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। आशाराम बापू साधक परिवार के राकेश पहारिया, महेश साहू, शिवचरण दाहिया, द्वारिका मिश्रा आदि ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# झूलेलालजी के लिए अपशब्द बोलने वाले युवक के ऊपर प्रकरण दर्ज करने 6 को सौंपेंगे ज्ञापन



**सिहोरा**। सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के संबंध में अपशब्द बोलने वाले युवक के ऊपर प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर सम्पूर्ण सिंधी समाज द्वारा ज्ञापन सौंपा जायेगा।

सिंधी समाज खितौला के अध्यक्ष राजकुमार कारड़ा ने बताया सिंधी समाज के आराध्य देवता भगवान झूलेलाल जी के बारे में अभद्र भाषा का उपयोग करने वाले छत्तीसगढ़ जौहर पार्टी के नेता अमित बघेल के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर गिरफ़्तार करने हेतु 6 नवम्बर को दोपहर 12 बजे अपने प्रतिष्ठान बंद कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा । सिहोरा खितौला का सिंधी समाज उक्त नेता द्वारा बोले गये शब्दों की कड़े शब्दों में निंदा करने के कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन कार्यक्रम में पहुंचने की अपील दिलीप जौहरवानी, जय कुमार सहजवानी, राजा जय सिंघानी, सुनील जौहरवानी, मोहन भागवानी, किशन जानवानी आदि ने की है।

# विश्व शांति महायज्ञ नगर फेरी आज

**जबलपुर**। पंचकल्याणक के चौथे दिन टेलीग्राफ ग्राउंड में आयोजित अमृत तीर्थ मंदिर के पंचकल्याणक में मंगलवार 4 नवंबर को सुबह से रात तक एक के बाद एक विभिन्न विधान पूरी गरिमा के साथ संपन्न किए गए । मूल विधान ज्ञान कल्याणक अंतर्गत समवशरण की रचना करके प्रश्नोत्तर की परंपरा को गति दी गई। हजारों धर्मावलाम्बियों को भाव विभोर कर देने वाली उपस्थिति में विशाल मंच पर महामुनि ऋषभदेव की आहारचार्य की संगीतमय भव्य प्रस्तुति दी गई। मुनि दीक्षा होते ही ऋषभदेव पंचपरमेष्ठी की पूज्यता को प्राप्त हुए। जिन्हें णमोकार मंत्र में नमन किया जाता है।नित्यमह पूजा व जन्म कल्याणक पूजा,हवन हुए। आचार्य श्री के मंगल प्रवचन,मुनिराज आदिनाथ का प्रथम आहार ,मंत्राराधन- अधीवासना, तिलकज्ञान मुखोद्घाटन नेत्रोन्मिलन,प्राण प्रतिष्ठा सूरी मंत्र के विधान हुए। केवल ज्ञानोत्पत्ति, समवशरण रचना, गणधर के रूप में महाराज श्री का उध्बोधन हुआ। ज्ञान कल्याणक पूजा के बाद मंगल आरती व विद्वत प्रवचन हुए।आभार प्रदर्शन किया गया।




# एकल अभियान अंचल की बैठक संपन्न

**बरेला**। अंचल जबलपुर के चलते समीक्षा बैठक में उपस्थित एकल अभियान अंचल जबलपुर के युवा प्रभारी आशीष शुक्ला ,एवं सुनीता सिंह दीदी, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी,प्रिती पांडेय दीदी, ग्राम विकास प्रभारी, शोभा तिवारी दीदी अंचल महिला समिति अध्यक्ष,गीता तिवारी दीदी अंचल उपाध्यक्ष, अंजय शरण भाईसाहब,P7 व्यास प्रमुख, सुमेरी यादव हरि कथा कार्यालय प्रमुख, गोतम यादव अंचल जबलपुर अभियान प्रमुख, दुर्गा प्रसाद झारिया अंचल जबलपुर प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख, अरविंद यादव अंचल जबलपुर कार्यालय प्रमुख, ज्योति ठाकुर अंचल जबलपुर गतिविधि प्रमुख, एवं सभी संचो के संच प्रमुख रश्मि लोधी, आरती तिवारी, कविता दाहिया, मिथलेश लोधी, कविता दाहिया, कृष्णा परस्ते, अरविंद मेहरा, प्रेम मरावी सभी की उपस्थिति में एकल अभियान के पांच मुखी शिक्षायो को चलने और जागने पर चर्चा हुई।

# बजरंग दल ने लगाया रक्त परीक्षण शिविर

**जबलपुर**। हुतात्मा दिवस की स्मृति में बजरंग दल नर्मदा जिला द्वारा समन्वय सेवा केंद्र, गोरखपुर में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का रक्त परीक्षण किया गया तथा जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग मंत्री पंकज श्रीवास्तव, विभाग संयोजक सुमित सिंह, जिला संयोजक सत्यम बर्मन, सह संयोजक गौरव सोनकर, राहुल बाखले, जिला सह मंत्री विशाल नामदेव, साहिल विश्वकर्मा, रोशन नामदेव, आयुष दुबे, कोमल पटेल, अजय चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आयुध कर्मचारियों की प्रति नियुक्ति 9 माह बढ़ी

**जबलपुर**। ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाय फेडरेशन के जीसीएफ मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर 2021 को सभी आयुध निर्माणियों को 7 डीपीएसयू में बांट दिया गया डीपीएसयू में कर्मचारियों की सेवाशर्त तैयार करने हेतु लगने वाले समय के कारण सभी ग्रुप ए बी सी कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति में रखा गया विभिन्न ऑफिस मेमोरेंडम के माध्यम से इसकी मियाद 30 दिसंबर 2025 तक था सरकार विकल्प के माध्यम से कर्मचारियों को सरकारी एवं निगम में रहने का विकल्प देता मगर वर्तमान में ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाय फेडरेशन इंटक और भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ एवं सीडीआरए के तीव्र आंदोलन के चलते सरकार ने एक बार पुनः प्रतिनियुक्ति को 9 माह बढ़ाने जा रही है ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक एवं महासचिव सी कुमार ने कहा ये कर्मचारियों के संघर्ष आंदोलन का नतीजा है कि सरकार को प्रति नियुक्ति का समय बढ़ाना पड़ा मध्य प्रदेश के आयुध निर्माणियों के पदाधिकारी अर्नब दास गुप्ता पुष्पेंद्र सिंह रोहित यादव विनय गुप्ता अमित चंदेल अमरेश सिंह असीम दुबे राकेश दुबे शिव पांडे गोविंद सैनी द्वारा कर्मचारियों को बधाई दी और सेवा शर्तों को लेकर सतत आंदोलन जारी रखने आश्वस्त किया है।

# गौ संरक्षण को लेकर हिन्दू सेवा परिषद का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम पहुँचा



**जबलपुर**। हिन्दू सेवा परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने आज नगर निगम जबलपुर में अधिकारियों से भेंट कर गौ संरक्षण के विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा इस संबंध में ज्ञापन सौंपा।

बैठक के दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने नगर क्षेत्र में गौ माताओं की उपेक्षा, उपचार की कमी एवं आश्रय व्यवस्था की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम से मांग की कि गौ माता के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था, नियमित चिकित्सा सुविधा, स्थायी गौशालाओं का निर्माण एवं मौजूदा गौशालाओं के रखरखाव के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। हिन्दू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि परिषद जबलपुर में गौ सेवा को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। नगर निगम द्वारा संचालित गौशालाओं का शीघ्र निरीक्षण भी किया जाएगा और कमियां मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने परिषद को आश्वासन दिया कि सभी सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा 5 नए पशु वाहनों की खरीदी और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कदम उठाने की बात कही गई। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, गौरव साहू, उत्कर्ष रावत, अक्षय झा, जितेंद्र चिमनानी, धीरज ज्ञानचंदानी, निखिल कनौजिया, अभिषेक अहिरवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# घर से नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**जबलपुर**। हनुमानताल थानान्तर्गत बरियाताले क्षेत्र में कल दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने एक दो मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिये। हनुमानताल पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि बरियाताले निवासी मोहम्मद कैफ अंसारी पानी वाली तलैया के पास मिठाई दुकान चलाता है गत २ नवम्बर की रात वह खाना खाकर नीचे ही परिजनों के साथ सो गया था। सुबह लगभग ११ बजे जब वह नहाने के लिए कपड़े लेने ऊपरी मंजिल पर गया तो देखा कि कमरे का दरवाजे का ताला गायब था। उसने कमरे के अंदर जाकर देखा कि कमरे में रखा सामान बिखरा हुआ था। वही अलमारी का लॉकर भी खुला था। लॉकर में दूसरी चाबी लगी हुई थी। लॉकर में रखा एक सोने का हार, एक चेन, एक अंगूठी, एक झुमकी व चांदी की पायल व २० हजार रूपए नगदी गायब थे। नगदी समेत चोरी गये जेवरों की कीमत लाखों में बतायी जा रही है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर**। भेड़ाघाट थानान्तर्गत ग्राम ज्वाप जमुनिया में गत २ नवम्बर को शाम लगभग ६ बजे घर के सामने बने तालाब में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया था। तलाशी के दौरान युवक का शव दूसरे दिन दोपहर साढ़े बारह बजे तालाब के पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवातें हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया। भेड़ाघाट पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि ग्राम ज्वाप जमुनिया में रहने वाला राजा गौंड मजदूरी करता है। गत २ नवम्बर की शाम उसका छोटा भाई धनीराम गौंड घर के सामने बने सरोवर में नहा रहा था इसी दौरान वह ज्यादा गहराई में जाने के कारण डूब गया। तलाशी के दौरान दूसरे दिन दोपहर धनीराम का शव तालाब में उतराता मिला।

# गुरुनानक जयंती पर लंगर आज

**सिहोरा**। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर कटरा मोहल्ला स्थित गुरुद्वारे का लंगर का आयोजन आज बुधवार को दोपहर 2 बजे से किया गया है, जिसमें सभी से पहुंचने की अपील की गई है।

सिर में गोली मारकर नहर किनारे फेंकी लाश

# पीएम रिपोर्ट में खुला अज्ञात की हत्या का राज

**जबलपुर**। बरेला थानान्तर्गत गौर चौकी के तहत बारहा नहर के किनारे मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की मौत से पुलिस ने रहस्य का फर्दा उठा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतक के सिर में गोली मारने के बाद अज्ञात आरोपी ने हत्या को हादसे में तब्दील करने मृतक के शव को नहर के किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर हत्या का जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया। घटना के संबंध में गौर चौकी प्रभारी टेकचंद्र शर्मा ने बताया कि गत १ नवम्बर को ग्राम बारहा में एक स्थानीय किसान ने खेत जाते समय बारहा नहर के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना दी थी। सूचना पर फौरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने अपनी शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक के सिर में गंभीर चोटों के निशान की पुष्टि की थी। शव का पंचनामा कर मौत के कारण जानने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए जांच में लिया गया। इस दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि किसी अज्ञात आरोपी ने मृतक के सिर में गोली मारने के बाद उसके शव को नहर किनारे फेंक दिया था। मृतक के सिर में गनशॉट इंजूरी की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है वहीं मृतक की शिनाख्ती के प्रयास जारी है।




**श्रीमती कुसुम खरारे**- भार्गव कम्पाउंड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री भानू खरारे की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम खरारे (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मान सिंह मरावी**- इंद्रा बस्ती रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मान सिंह मरावी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता ठाकुर**- अमखेरा निवासी श्री कमलेश ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता ठाकुर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तम चौहान**- बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री उत्तम चौहान (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरेंद्र पाल**- रक्षा कॉलोनी रांझी निवासी श्री हरेंद्र पाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रभान कोरी**- लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री चंद्रभान कोरी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमला प्रसाद पटेल**- जगदम्बा नगर महाराजपुर निवासी श्री कमला प्रसाद पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दौलतराम अहिरवार**- राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दौलतराम अहिरवार (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा बाई**- फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री सुदर्शन राम की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई कोरी**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री करन सिंह कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई कोरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला चौबे**- शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री आरएम चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला चौबे (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रभा दुबे**- गंजीपुरा नार्मल स्कूल रोड निवासी श्री गोपाल प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा दुबे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दमयंती देवक**- राजुल सिटी बिलहरी निवासी श्री होम शंकर देवक की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती देवक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोंटी बावरिया**- पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री छोटे लाल बावरिया के पुत्र श्री मोंटी बावरिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोजनी शर्मा**- संजीवनी नगर निवासी श्री डीपी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोजनी शर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र कुमार कुशवाहा**- संजय गांधी नगर सदर कैंट निवासी श्री गोपाल कुशवाहा के पुत्र श्री सुरेंद्र कुमार कुशवाहा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संजय पांडे**- इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री कृष्णदेव पांडे के पुत्र श्री संजय पांडे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जसवंता पटले**- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री दशाराम पटले की धर्मपत्नी श्रीमती जसवंता पटले (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुधा चतुर्वेदी**- जेडीए कॉलोनी कटंगा निवासी श्री जय किशन चतुर्वेदी की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा चतुर्वेदी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- ...से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ...से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ...से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप



### रेनो इंडिया की बिक्री अक्टूबर में 21 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो इंडिया की अक्टूबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,672 इकाई हो गई। फ्रांस की कार विनिर्माता कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में 3,861 इकाइयों की थोक बिक्री की थी। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडालगो ने बयान में कहा, '' अक्टूबर में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसमें नई पेशकश ट्राइबर और किगर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया मुख्य वजह रही।''

### इंडिगो को 2,582 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा


**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को जुलाई-सितंबर तिमाही में 2,582.10 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में घाटा 986.7 करोड़ रुपये रहा था।



इंडिगो ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 19,599.5 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 17,759 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने बयान में कहा कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए शुद्ध घाटा 2,582.10 करोड़ रुपये रहा।

### रुपया 11 पैसे बढ़कर 88.66 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 11 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत डॉलर, विदेशी कोषों की निकासी और सुस्त घरेलू शेयर बाजार ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.55 पर खुला और इसने डॉलर के मुकाबले 88.28 के दिन के उच्चतम स्तर को छुआ।

### स्पाइसजेट ने संजय कुमार को नियुक्त किया एमडी

**मुंबई।** घरेलू विमान कंपनी स्पाइसजेट ने अनुभवी विमानन पेशेवर एवं इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को तीन नवंबर से कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की।



स्पाइसजेट ने कहा कि कुमार, कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी भूमिका में विमान कंपनी की रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगे। वह सीधे स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह के अधीन काम करेंगे।

### बर्जर पेंट्स का शुद्ध लाभ 23.53 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 23.53 प्रतिशत घटकर 206.38 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 267 करोड़ रुपये रहा था।




बर्जर पेंट्स इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी परिचालन आय वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 1.9 प्रतिशत बढ़कर 2,827.49 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की इसी तिमाही में 2,774.61 करोड़ रुपये थी।

# न्यू हुंडई वेन्यू 65 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स के साथ लांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साउथ कोरियन कार निर्माता हुंडई ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी मशहूर सब-फोर मीटर एसयूवी हुंडई वेन्यू के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल को आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लांच कर दिया है। बीते दिनों कंपनी ने इस एसयूवी के तस्वीरों के साथ फीचर्स और स्पेसिफिकेशन को शेयर किया था। आकर्षक लुक और बड़े बदलाव के साथ पेश की गई नई हुंडई वेन्यू की शुरुआती कीमत 7,89,900 रुपए (एक्स-शोरूम) है। इस एसयूवी को पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्पों में कई वेरिएंट्स के साथ पेश किया गया है। कार के एक्सटीरियर को इस तरह गढ़ा गया है कि यह हर एंगल से प्रीमियम और मजबूत दिखाई देती है। इसमें दिए ट्विन हॉर्न एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स, क्वाड बीम एलईडी हेडलैम्प्स, और मस्कुलर व्हील आर्च डिजाइन इसे प्रॉपर एसयूवी लुक में ढालते हैं। वहीं, डार्क क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डायमंड कट एलॉय व्हील्स, और ब्रिज-टाइप रूफ रेल्स इसके स्पोर्टी और बोल्ड कैरेक्टर को और निखारते हैं। कार के किनारों पर उकेरी गई स्कल्प्टेड कैरेक्टर लाइन्स और इन-ग्लास वेन्यू एम्बलम इसके डिजाइन को बेहतर बनाते हैं। नई वेन्यू के एच-आर्किटेक्चर बेस्ड केबिन को फीचर रिच बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। अंदर दिया गया डुअल-टोन इंटीरियर (डार्क नेवी और डव ग्रे) आपको प्रीमियम फील देता है।

## नई हुंडई वेन्यू की एक्स शोरूम कीमत 7.89,900 रुपए से शुरू

### साइज में बड़ी है नई वेन्यू

नई वेन्यू 3995 मिमी लंबी, 1800 मिमी चौड़ी, 1665 मिमी ऊंची है और इसमें 2520 मिमी व्हीलबेस मिलता है। यह मौजूदा वेन्यू की तुलना में 48 मिमी अधिक ऊंची और 30 मिमी अधिक चौड़ी है। इसके अलावा, **SUV** में होराइजन एलईडी पोजिशनिंग लैंप, रियर होराइजन एलईडी टेल लैंप्स, सिग्नेचर सी-पिलर गार्निश, और डार्क क्रोम फ्रंट ग्रिल जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो इसे सड़क पर और भी ज्यादा प्रीमियम प्रजेंस देने में मदद करेंगे।




### कलर ऑप्शन

नई वेन्यू को 6 मोनोटोन कलर ऑप्शन्स में पेश किया गया है, जिनमें मिस्टिक सैफायर, हेज़ल ब्लू, ड्रैगन रेड, टाइटन ग्रे, एटलस व्हाइट, और एबिस ब्लैक शामिल हैं। इसके अलावा, स्टाइल के शौकीनों के लिए कंपनी ने दो डुअल-टोन कलर कॉम्बिनेशन्स भी पेश किए हैं- हेज़ल ब्लू विद एबिस ब्लैक रूफ और एटलस व्हाइट विद एबिस ब्लैक रूफ। ये डुअल-टोन वेरिएंट्स कार को एक मॉडर्न लुक देते हैं।

## जी-20 की रिपोर्ट ने अमीर-गरीब के बीच बढ़ते खाई के लिए किया अलर्ट

# देश के 1 फीसदी अमीरों की बेशुमार बढ़ी संपत्ति, 23 साल में 62% का बड़ा इजाफा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत बढ़ी है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में आगाह किया गया कि वैश्विक असमानता '' संकट '' के स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु प्रगति को खतरा है।

■ वैश्विक असमानता अब आपात संकट स्तर पर पहुंच चुकी है

वैश्विक असमानता पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 असाधारण समिति ने पाया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत यानी सबसे अमीर लोगों ने 2000 और 2024 के बीच निर्मित सभी नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया जबकि निचली आबादी के आधे हिस्से को केवल एक प्रतिशत ही मिला। इस समिति में अर्थशास्त्री जयति घोष, विनी बयानीमा और इमरान वालोदिया शामिल हैं।



### दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित

दुनिया की आधी आबादी अब भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। 1.3 अरब लोग अपनी आमदनी से स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च के कारण गरीबी में जी रहे हैं।''

### प्रति व्यक्ति आय में कमी आई

रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटे तौर पर मापी गई अंतर-देशीय असमानता में कमी आई है क्योंकि चीन तथा भारत जैसे कुछ अधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। इससे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उच्च आय वाले देशों की हिस्सेदारी कुछ हद तक कम हुई है।

### चीन में यह आंकड़ा 54 फीसदी रहा

इसमें कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने सभी देशों के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है जो वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, '' भारत के शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की इस अवधि (2000-2023) में संपत्ति 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह आंकड़ा 54 प्रतिशत रहा।''

### राजनीतिक इच्छा शक्ति से बदला जा सकता है

इसमें कहा गया है, '' अत्यधिक असमानता एक विकल्प है। यह अपरिहार्य नहीं है और राजनीतिक इच्छाशक्ति से इसे बदला जा सकता है। वैश्विक समन्वय से इसे काफी हद तक सुगम बनाया जा सकता है और इस संबंध में जी-20 की महत्वपूर्ण भूमिका है।''

### आईपीआई के गठन का प्रस्ताव

रिपोर्ट में वैश्विक रुझानों पर नजर रखने एवं नीति निर्माण में मार्गदर्शन के लिए जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) की तर्ज पर एक अंतरराष्ट्रीय असमानता समिति (आईपीआई) के गठन का प्रस्ताव किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की जी20 की अध्यक्षता में शुरू होने वाला यह निकाय सरकारों को असमानता और उसके कारणों पर ''आधिकारिक एवं सुलभ'' आंकड़े उपलब्ध कराएगा।

### वैश्विक गरीबी में कमी लगभग रुक गई

रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च असमानता वाले देशों में समान देशों की तुलना में लोकतांत्रिक पतन की संभावना सात गुना अधिक है। इसमें कहा गया, '' वर्ष 2020 से वैश्विक गरीबी में कमी लगभग रुक गई है और कुछ क्षेत्रों में उलट गई है। 2.3 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं जो वर्ष 2019 से 33.5 करोड़ अधिक है।

# इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि बाजार में इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या है। खासकर तब जब सरकार अगले पांच से सात वर्ष में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

■ इस्पात सचिव पौंड्रिक इस्पात शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे

'इस्पात शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने कहा कि पांच साल पहले इस्पात की कीमतें अपेक्षा से अधिक थीं। उन्होंने कहा, '' हालांकि आज इस्पात की कीमतें अपेक्षा से कम हैं। इसलिए कीमत एक चुनौती है... छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं।'' पौंड्रिक ने कहा कि कम कीमत के कारण लगभग 150 छोटी कंपनियों ने इस्पात का उत्पादन बंद कर दिया है। सचिव ने कहा, '' इसलिए, ये लोग, छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। आपने अभी-अभी सभी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे देखे हैं, लगभग सभी के मुनाफे में कमी आई है।'' सचिव ने कहा, '' कीमत एक समस्या है, खासकर तब जब हमें अगले पांच से सात वर्ष में 10 करोड़ टन क्षमता में निवेश करना होगा।'' पौंड्रिक ने कहा कि दुनिया भर में खासकर चीन में अधिशेष उत्पादन और उसके परिणामस्वरूप 'डंपिंग' न केवल हमारे लिए, बल्कि हर देश के लिए...एक वास्तविक समस्या है। पौंड्रिक ने कहा, '' क्योंकि इसका असर कंपनियों पर पड़ रहा है।'' सचिव ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू इस्पात कंपनियों को उचित मूल्य मिले।



### इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता

सचिव ने कहा कि देश की दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के लिए इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, '' यह एक रणनीतिक क्षेत्र है। यदि आप आयात पर निर्भर हो जाते हैं, तो आपको भू-राजनीतिक कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जैसा कि हम आज दुनिया में देख रहे हैं।''

# एसबीआई का तिमाही लाभ 10 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 20,160 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में 18,331 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

■ जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 20,160 करोड़ रुपए

समीक्षाधीन तिमाही में ऋणदाता की कुल आय सालाना आधार पर 1,29,141 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,34,979 करोड़ रुपये हो गई। इस अवधि में अर्जित ब्याज बढ़कर 1,19,654 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,13,871 करोड़ रुपये था। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 30 सितंबर 2025 तक सकल अग्रिमों के 1.73 प्रतिशत तक घट गई, जो एक वर्ष पूर्व 2.13 प्रतिशत थी। इसी प्रकार शुद्ध एनपीए या खराब ऋण भी अग्रिमों के 0.42 प्रतिशत पर आ गए जो एक साल पहले इसी अवधि में 0.53 प्रतिशत थे।




### एसबीआई समूह की कुल आय बढ़ी

एसबीआई समूह का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़कर 21,137 करोड़ रुपये हो गया। गत वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 19,743 करोड़ रुपये था। एसबीआई समूह की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 1,75,898 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 1,63,802 करोड़ रुपये थी।

## वैश्विक संकेत कमजोर रहने से आई गिरावट

# सोना 1,200 रुपए टूटकर 1.24 लाख रुपए पर, चांदी कमजोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने के बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

■ चांदी में 2500 रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जिससे लगातार दूसरे सत्र में इसकी गिरावट जारी रही। सोमवार को यह 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के दबाव में मंगलवार को सोने में गिरावट आई। अधिकारियों ने अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया।''



### चांदी लुढ़कर 1,51,500 रुपए प्रति किलो

चांदी भी मंगलवार को 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है, जिससे कीमती धातुओं पर भी दबाव बढ़ा।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 28 फीसदी का इजाफा

मुंबई। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 3,673 करोड़ रुपये हो गया। वाहन कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में मुनाफा 2,867 करोड़ रुपये रहा था। शुद्ध लाभ में 28 प्रतिशत की वृद्धि में वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में भूमि बिक्री पर एकमुश्त लाभ शामिल नहीं है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका राजस्व बढ़कर 46,106 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 37,924 करोड़ रुपये था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने कहा, 'मोटर वाहन तथा कृषि ने बाजार हिस्सेदारी और लाभप्रदता में लगातार बढ़ोतरी के साथ अपना नेतृत्व बरकरार रखा है...।'




# एफआईआई की निकासी से सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

## सेंसेक्स 519 अंक व निफ्टी 166 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 519 अंक का गोता लगा गया जबकि निफ्टी 166 अंक टूट गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशिया तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 565.72 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 3.13 प्रतिशत की गिरावट आई। सितंबर तिमाही के लाभ में गिरावट से कंपनी के शेयर में गिरावट आई।

### आईटी, धातु व बिजली क्षेत्र में रही बिकवाली

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कमजोर वैश्विक संकेतों और खासकर आईटी, धातु और बिजली क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। छुट्टी के कारण कम कारोबारी दिन वाले सप्ताह को लेकर निवेशकों का रुझान सुस्त रहा।

# अदाणी एंटरप्राइजेज का लाभ 84 प्रतिशत चढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चार नवंबर (भाषा) अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 84 प्रतिशत बढ़कर 3,199 करोड़ रुपये हो गया। कोयला कारोबार कमजोर रहने के बावजूद एकमुश्त असाधारण आय होने से इसका लाभ चढ़ा है।

कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2025 में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 3,199 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 1,742 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कंपनी को एडब्ल्यूएल




एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्व में अदाणी विल्मर लिमिटेड) में 13.51 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से मिले 3,583 करोड़ रुपये की एकमुश्त आय से उसके लाभ में वृद्धि हुई है। इस एकमुश्त लाभ के बगैर, कंपनी का समायोजित लाभ एक साल पहले के 2,408.89 करोड़ रुपये से 66.2 प्रतिशत घटकर दूसरी तिमाही में 814.35 करोड़ रुपये रह गया।


## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/101/2025

(भंडार आपूर्ति हेतु ई–निविदा सूचना सख्या ईपीएस/101/2025 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई– खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38252552B | shackle लॉक & लॉक पिन विथ split पिन | 75115 सेट | 17.11.2025 |
| 2 | 38255009 | बॉडी साइड अरेंजमेंट विथ फ्लैप door | 500 नंबर | 20.11.2025 |
| 3 | 20255019 | सप्लाई इंस्टालेशन एंड commissioning ऑफ IGBT बेस्ड 3. फेज ड्राइव propulsion Equipment कम्प्रिसिंग | 1 सेट | 20.11.2025 |
| 4 | 20254384 | किट फॉर प्रेशर रेगुलेटर Assembly | 222 नंबर | 25.11.2025 |
| 5 | 38255011 | कौपलेर बॉडी विथ shank वियर प्लेंट | 4060 नंबर | 27.11.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय नगर निगम जबलपुर

क्रमांक-प्र.का.से./ का.से./ 2025-26/ 676 दिनांक 29/10/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ ग्राम करमेता नं.बं. 497 प.ह.नं. 23 नया 78 खसरा नं. 56, 57, 58 कुल रकबा 4699.99 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (संजीवनी विलास) की अनुमति हेतु विकासकर्ता / कालोनाईजर मेसर्स एस एंड यू प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स पार्टनर श्री उत्कर्ष शर्मा पिता श्री राजेश शर्मा पता -प्लाट नं. 130-131, ई.डब्ल्यू.एस. जे.डी.ए. कालोनी शताब्दीपुरम जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है - भूखण्ड क्रमांक- 2, 3, 15, 16 एवं सुविधा शॉप C1 कुल 05 नग क्षेत्रफल 499.93 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम, जबलपुर



## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/555 **द्वितीय निविदा सूचना** Date: 04/11/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है !

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_459436_1<br>30/10/2025 | सं.क्र. - 03 रामपुर अंतर्गत शहीद गुलाब सिंह वार्ड में पिपलेश्वर बदनपुर में स्थित जर्जर सार्वजनिक टायलेट को तोड़कर नया शौचालय निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 10.31 लाख | रू. 2000/-<br>रू. 7733/- | 13/11/2025 |
| 2 | 2025_UAD_459436_2<br>30/10/2025 | सं.क्र. - 03 रामपुर अंतर्गत तमिल धर्मशाला के पास सार्वजनिक स्थल पर भवन निर्माण कार्य । | 03 माह<br>रू. 1.67 लाख | रू. 2000/-<br>रू. 3348/- | 13/11/2025 |

नोट :-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर



## कार्यालय नगर निगम जबलपुर

क्रमांक-प्र.का.से./ का.से./ 2025-26/ 713 दिनांक 03/11/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ ग्राम करमेता नं.बं. 497 प.ह.नं. 78 खसरा नं. 50/4 कुल रकबा 3170.00 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (शिव विला) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कालोनाईजर मेसर्स शिव कंस्ट्रक्शन पाटनर्स श्री पंकज कुमार गुप्ता पिता श्री आर.जी. गुप्ता एवं श्री विक्रम दुबे पिता श्री एस. के. दुबे पता शॉप नं. 2 यंग ब्लड प्रेस काम्पलेक्स प्रथम तल उखरी रोड चेरीताल जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्रास करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है - भूखण्ड क्रमांक- 2 क्षेत्रफल 137.64 वर्गमीटर एवं सुविधा शॉप सी-1 क्षेत्रफल 119.49 इस प्रकार कुल 2 नग क्षेत्रफल 257.13 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम, जबलपुर

## चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिखरा इंडिया गठबंधन

चुनाव आयोग ने जब देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया शुरू की तो विपक्ष ने खूब बवाल काटा। इंडिया गठबंधन के नेता संसद से लेकर सड़क तक खूब गरजे। देशभर में अलग-अलग तरह से चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली। यह साबित करने का प्रयास किया गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर ऐसा कर रहा है। विपक्ष के वोट काटने के लिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। अब जबकि चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करवाने का ऐलान किया है तो विपक्ष विरोध तो कर रहा है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सारे दल अलग-अलग ढपली बजा रहे हैं। जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भी इंडिया ब्लॉक के कुनबे में तमिलनाडु छोड़कर इस मुद्दे पर कहीं भी एकजुटता नजर नहीं आ रही है। दूसरे चरण की घोषणा हुए 10 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अभी तक इसके खिलाफ एक प्रेस कांफ्रेंस तक नहीं की है। अलबत्ता सैद्धांतिक रूप में वे इसका विरोध जरूर कर रहे हैं और वो भी अलग-अलग। मंगलवार को पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किलोमीटर लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। इसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं, लेकिन इसके उलट इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े धड़े कांग्रेस ने इस मार्च से दूरी बनाए रखी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने का कहना था कि टीएमसी और बीजेपी बंगाल में एसआईआर पर विभाजनकारी राजनीति में लिप्त हैं, जिससे भय का माहौल पैदा हो रहा है। सीएम ममता बनर्जी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और एसआईआर विरोधी दलों को एकजुट करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अब चुनाव आयोग के साथ मुलाकात की कोशिश में है, ताकि अपनी चिंताएं बता सके और एसआईआर को लेकर सुझाव दे सके। इशारा साफ है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ सही नहीं है। दूसरी ओर, सबसे बड़ी बात ये है कि बिहार में इतना हो-हल्ला करने के बाद भी न तो मतदाताओं पर इसका कोई असर दिख रहा है और न ही इसके खिलाफ कोई बड़ा कानूनी डंडा ही चल पाया है, जिसने इंडिया गठबंधन के नेताओं का उत्साह पूरी तरह से फीका कर रखा है। कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट की वजह से बिहार में जो विपक्ष एकजुट दिख रहा था, वो न तो पश्चिम बंगाल में एकसाथ नजर आ रहा है और न ही केरल में। जबकि, इन तीनों ही राज्य में अगले साल एसआईआर की छंटनी प्रक्रिया के बाद तैयार होने वाले वोटर लिस्ट पर ही चुनाव होने वाले हैं। विपक्ष को लग रहा है कि इस मुद्दे को जनता भाव नहीं दे रही है। इसीलिए गठबंधन की एकता गायब हो गई है।

# स्वतंत्रता का मंत्र बना- वंदेमातरम्



विचार
शिवप्रकाश

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है। इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है ।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशों द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया। इस पराजय के पश्चात भारत का शेष क्षेत्र भी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम ग़ुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि 'एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगों को अपने अंदर लाकर।'

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी। समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव 'अलख निरंजन' का उद्घोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ 'अपनी भूमि अपनायेंगे , अपनी सरकार बनायेंगे।' का उद्घोष किया। अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ।

समाज में प्रज्ज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1938 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू। जैस्सोर (अब बांग्लादेश)में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए । अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी,राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है । उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन की दुर्नीतियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया। इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुई 'आनंदमठ'। जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरूप में सन्यासी करते हैं वह लालगोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है।

7 नवंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई । यह शुभ दिन भारतीय कालगणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी । यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।




बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु - मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उद्देश्य था । विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया । प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उद्घोष कर रहा था वंदेमातरम् । 16 अक्टूबर को आयोजित दुख - दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए । मन्मथ नाथ मित्र के नेतृत्व में 'वंदेमातरम् संप्रदाय' की रचना हो गई । अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातम लिखा । क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे । जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उद्घोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया । अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया । हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असमके बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए । 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया । 22 अगस्त 1907 को स्टाट गार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में मैडम कामा द्वारा वंदेमातरम् का गायन हुआ। कनाडा- अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम् ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया । महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी जी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इस सभी के कारण वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया ।

स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंग-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया । उस दिन 'विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प' लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय 'ॐ वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा' के मंत्र का उच्चारण हुआ । एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रुपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नही, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी। अंग्रेजों द्वारा निर्मित वस्तुओं के विरोध में भारत में स्वदेशी कंपनियां जन्म लेने लगी उदाहरण स्वरूप तूतूकुड़ी (तमिलनाडु) में स्वदेशी नेविगेशन जैसी अनेक कंपनियों का जन्म हो गया। लोकमान्य तिलक वंदेमातरम् एवं स्वदेशी के आधार बन गए। वीर सावरकर ने वंदेमातरम् बोलकर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। लाला लाजपत रायने वन्देमातरम् बोलकर लाठी के प्रहार सहन किए ।। अब आनंदमठ से निकलकर वंदेमातरम् संपूर्ण देश के लिए स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वदेशी का भी मंत्र बन गया।

अंग्रेजों के षड्यंत्र का परिणाम भी धीरे-धीरे प्रकट हुआ। जो मंत्र देशभक्तों की प्रेरणा बना उसमें कुछ लोगों को बुतपरस्ती नजर आने लगी। 1923 के काकीनाड़ा के कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद अली ने यह कहकर कि इस्लाम में मूर्ति पूजा एवं संगीत स्वीकार नहीं है,वंदेमातरम् गायन का विरोध किया । जबकि बदरुद्दीन तैयब, मोहम्मद रहीमतुल्ला सयानी, नवाब सैय्यद मोहम्मद बहादुर, डॉ. एमए अंसारी जैसे मुस्लिम अध्यक्षों ने कभी वन्देमातरम् का विरोध नहीं किया । 1915 से सतत वंदेमातरम् का गायन करने वाले महान देशभक्त विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने यह कहकर कि यह किसी व्यक्ति नहीं कांग्रेस का मंच है वंदेमातरम् का संपूर्णगायन किया। लेकिन इस विरोध के कारण कांग्रेस नेतृत्व झुकता चला गया। पूर्ण वंदेमातरम् के स्थान पर दो ही पदों का गायन प्रारंभ किया एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा एक पत्र के द्वारा सूचित किया गया कि दो चरण ही गाये जाए एवं अन्य कोई इसके स्थान पर दूसरा गाना भी गा सकते हैं ।

15 अगस्त 1947 को श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वन्देमातरम् का गायन एवं सरदार पटेल के आग्रह पर आकाशवाणी पर प्रसिद्ध संगीतज्ञ ओंकारनाथ ठाकुर द्वारा संपूर्ण वंदेमातरम् का गायन हुआ। तत्कालीन नेतृत्व द्वारा अलग-अलग प्रकार के हास्यपूर्ण तर्क देकर वंदेमातरम् के स्थान पर जनगणमन को राष्ट्रगान का स्थान दिया गया । जिसके संबंध में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने कहा कि ' मैं ऐसी कांग्रेस की कल्पना भी नहीं कर सकता जो वंदेमातरम् को राष्ट्रगान से नकारती है।' धन्य प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जिन्होंने 24 जून 1950 को दोनों ही गीत वंदेमातरम् एवं जनगणमन को राष्ट्रगान का सम्मान दिया एवं सभा की समाप्ति पर सभी ने वंदेमातरम् कहकर परस्पर अभिवादन किया। अभी - अभी संपन्न हुई 31 अक्टूबर 2025 को एकता परेड में अलग-अलग वाद्य यंत्रों के माध्यम से वंदेमातरम् की संगीतमय प्रस्तुति उन सभी प्रश्नों का उत्तर मिलते हुए भी हम सबने देखा है ।

विभाजन के जो बीज साम्राज्यवादियों ने हमारे देश में बोए थे एवं अदूरदर्शिता के कारण हमारा जो तत्कालीन नेतृत्व उसमें फंस गया था, वह आज अलगाववादी वृक्ष के रूप में हमारे सम्मुख खड़े हैं । 1947 में भारत के विभाजन की विभीषिका भी हम देख ही चुके हैं। पुनः ऐसा न हो पाए ,हम सांस्कृतिक एकता के आधार पर एकजुट हों इसकी आवश्यकता है । वंदेमातरम् गीत उसी सांस्कृतिक एकता का गीत है । वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती इसी संकल्प पूर्ति में सहायक बनेगी। इस शुभ अवसर पर सम्पूर्ण देश आनंद, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का गायन करें।

*- श्री शिवप्रकाश*
*राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा*

## पचमढ़ी शिविर
मानसी द्विवेदी



# बिना सोशल कनेक्ट कोई भी प्रशिक्षण 'नतीजा' नहीं देगा

मध्यप्रदेश के हृदय स्थल पचमढ़ी में हाल ही में दस दिवसीय जिला कांग्रेस अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। किंतु इस सबके बीच एक गहरा प्रश्न उभरता है- क्या बिना सोशल कनेक्ट यह प्रशिक्षण शिविर वास्तव में कांग्रेस के लिए 'प्राणवायु' सिद्ध हो पाएगा? क्या यह पार्टी को फिर से जनता की धड़कनों से जोड़ पाएगा, या यह भी केवल औपचारिक भाषणों और नारों तक सीमित रह जाएगा? कांग्रेस का इतिहास बताता है कि उसका जीवन तभी सशक्त रहा है जब उसका रिश्ता जनता से जीवंत रहा है। बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल जैसे नेताओं ने कांग्रेस को जन-आंदोलन का रूप दिया। उन्होंने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी, और स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है जैसी पुकार ने कांग्रेस को उच्च वर्ग की संस्था से निकालकर जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक बना दिया। यहीं से कांग्रेस का चरित्र धीरे-धीरे अभिजात वर्ग से निकलकर जनाधारित स्वरूप की ओर बढ़ा। फिर 1915 में जब महात्मा गांधी का प्रवेश हुआ, तो कांग्रेस का कायाकल्प हो गया। गांधीजी ने कांग्रेस को महज़ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जनजागरण का आंदोलन बना दिया। उन्होंने चरखा, खादी, सत्याग्रह और अहिंसा जैसे प्रतीकों के माध्यम से कांग्रेस को गांव-गांव तक पहुंचाया। उनके नेतृत्व में कांग्रेस एक विचारधारा, एक संस्कृति और एक जन-शक्ति में बदल गई। नमक सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता को इस हद तक सक्रिय किया कि कांग्रेस देश की आत्मा बन गई। स्वतंत्रता के बाद भी कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने की परंपरा जारी रखी। 1950 और 60 के दशक में कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र सेवा और संगठन था। नेहरू युग में इन शिविरों का उद्देश्य लोकतांत्रिक आदर्श, योजना आधारित विकास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना था। 1970 में इंदिरा गांधी के समय में इन्हें जनसंघर्ष और अनुशासन से जोड़ा गया, जबकि 1980 और 90 में राजीव गांधी के काल में तकनीकी सोच, सूचना क्रांति और युवाओं की भागीदारी पर ध्यान दिया गया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल राजनीतिक नहीं थे, वे संगठन को नैतिक, वैचारिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के साधन थे।

कार्यकर्ताओं को केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और संवाद की शिक्षा दी जाती थी। परंतु समय के साथ-साथ ये शिविर धीरे-धीरे केवल भाषणों और फोटो सेशन तक सीमित होते चले गए। वह आत्मीयता और समाज से जुड़ाव, जो कभी कांग्रेस की पहचान थी, अब औपचारिकता में खो गया और कांग्रेस की जमीनी पकड़ ढीली पड़ती गई। सूचना क्रांति और सोशल मीडिया के युग में कांग्रेस का संवाद सिर्फ भाषणों, ट्वीट्स और औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित होता गया। कार्यकर्ताओं का जनता से प्रत्यक्ष संपर्क कम हुआ और पार्टी का चेहरा धीरे-धीरे जनभावना से दूर होता चला गया। आज जब पचमढ़ी जैसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, तो सवाल उठता है कि क्या वे उसी भाव को पुनर्जीवित कर पाएंगे, जो कभी गांधीजी, नेहरू और तिलक के समय में इस संगठन की पहचान था?

आज कांग्रेस को सबसे बड़ी जरूरत है आत्ममंथन और ये समझने की कि जनता का विश्वास क्यों घटा और जमीनी कार्यकर्ता की भूमिका क्यों कमजोर हुई। पार्टी के इतिहास में कई बार ऐसे क्षण आए जब वह आत्ममंथन से गुज़री और नवीनीकृत होकर निकली। 1969 के विभाजन के बाद, 1977 की पराजय के बाद, और 1998 में सत्ता से बाहर होने के बाद भी हर बार कांग्रेस ने प्रशिक्षण, विचार और संवाद के ज़रिए खुद को पुनर्गठित किया। परंतु आज की परिस्थिति कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। अब जनता अधिक जागरूक है, मीडिया अधिक आक्रामक है, और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा पहले से कहीं ज़्यादा जटिल। यदि प्रशिक्षण शिविरों में केवल भाषणों और रणनीतियों की बात होगी, तो वे निष्प्राण रह जाएंगे। यह भी स्मरणीय है कि कांग्रेस ने जब-जब जनता से दूरी बनाई, तब-तब उसका जनाधार कमजोर हुआ। 1977 की पराजय इसका उदाहरण है। यदि पचमढ़ी का यह शिविर केवल दिखावे तक सीमित न रहकर कार्यकर्ताओं को विचार और व्यवहार, दोनों स्तर पर समाज से जोड़ने का माध्यम बन जाए, तो यह कांग्रेस के लिए पुनर्जीवन का आरंभ हो सकता है। लेकिन यदि ये सिर्फ नेताओं के भाषण, तस्वीरों और सोशल मीडिया पोस्ट बनने तक औपचारिक आयोजन रह गया तो यह अवसर भी व्यर्थ चला जाएगा।

( लेखिका भोपाल में इतिहास की शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुरु नानक से लेकर गुरु गोबिंद सिंह तक की परंपरा में धर्म का मूल करुणा है और करुणा का मूल साहस

गुरु नानक जयंती विशेष



यश ओबेरॉय

# ईश्वर एक है... सत्यस्वरूप, सृष्टिकर्ता, निर्भय और निष्पक्ष

पंद्रहवीं–सोलहवीं सदी का भारत भय और अन्याय से भरा युग था। उत्तर-पश्चिम की सीमाओं से आने वाले आक्रमणकारियों ने केवल शासन नहीं छीना, बल्कि भारत की आत्मा-उसका धर्म, उसकी संस्कृति, उसके मंदिर और उसकी अस्मिता सबको रौंद डाला। बाबर की सेनाओं ने पंजाब, सियालकोट, सईदपुर और लाहौर की धरती पर रक्त बहाया। स्त्रियों का अपमान हुआ, मंदिर टूटे, गांव जले, और धर्मांतरण को सत्ता की नीति बना दिया गया। गाय के वध को प्रतिशोध का प्रतीक बनाया गया और वेद–उपनिषद की भूमि पर भय और लाचारी का साया छा गया। इसी अंधकारमय समय में पंजाब की मिट्टी से एक प्रकाश उठा। गुरु नानक देव जी का प्रकाश। जिन्होंने कहा- एक ओंकार सतनाम, करता पुरख, निर्भव, निर्वैर। अर्थ : ईश्वर एक है -सत्यस्वरूप, सृष्टिकर्ता, निर्भय और निष्पक्ष। गुरु नानक देव जी (1469–1539) ने अपने जीवन में ही बाबर के अत्याचारों को अपनी आंखों से देखा।



उन्होंने लूट, धर्मांतरण, अधर्म और रक्तपात की विभीषिका को महसूस किया। इसी पीड़ा से निकली 'बाबरवाणी'। वह वाणी जो सत्ता से सत्य बोलना सिखाती है, और अन्याय के विरुद्ध करुणा को प्रतिरोध में बदलती है। इतिहासकारों के अनुसार हिंदुस्थान शब्द का प्राचीनतम उल्लेख गुरु नानक देव जी की बाबरवाणी में मिलता है,जब उन्होंने इस धरती को हिंदुस्थान कहकर संबोधित किया था। बाबर के अत्याचारों के बाद भी अन्याय नहीं थमा। हुमायूं, अकबर और औरंगज़ेब सभी ने अपनी-अपनी सत्ता के अहंकार में धर्म पर चोट की। पर दूसरी ओर नानक की आत्मा गुरु दर गुरु रूपांतरित होती रही। गुरु नानक से लेकर गुरु गोबिंद सिंह तक एक ही लौ जलती रही। करुणा की, साहस की और धर्म की। औरंगज़ेब के आदेश पर जब कश्मीरी ब्राह्मणों का बलपूर्वक धर्मांतरण किया जाने लगा, तो गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि यदि हिंदू धर्म मिटाना है, तो पहले मेरा सिर काटो। दिल्ली के चांदनी चौक में जब उनका शीश काटा गया, तो भारत ने कहा कि यह सिर गिरा नहीं, हिंद की चादर बन गया। उनका बलिदान नानक की वाणी का परिपूर्ण अर्थ था, धर्म की रक्षा के लिए जो खड़ा हो, वही सच्चा संत है। आज भी जब गुरुद्वारों में यह स्वर गूंजता है-नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला। नानक के नाम से सबकी उन्नति हो, तेरी इच्छा में सबका कल्याण हो। तो यह केवल एक अरदास नहीं, बल्कि बाबर से औरंगज़ेब तक चले अत्याचारों पर सिख आत्मा की अमर विजयगाथा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि


जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब–किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ–साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन–देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब–किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा।

*- विनोद गुप्ता, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# पाक में पुरातात्विक खुदाई में आठ स्थलों का पता चला

पाकिस्तान के उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले क्षेत्र में चल रही पुरातात्विक खुदाई के दौरान आठ प्राचीन स्थलों का पता चला है जिसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इटली के पुरातत्वविदों ने खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से इन प्राचीन स्थलों का पता लगाया है। स्वात के बारिकोट में लगभग 1,200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का दुर्लभ प्रमाण है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने बताया कि बारिकोट (प्राचीन बज़ीरा) में खुदाई के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर और आसपास की पुरातात्विक परतों के चारों ओर एक सुरक्षात्मक 'बफर ज़ोन' स्थापित करने के लिए खुदाई क्षेत्र का विस्तार स्वात नदी की ओर कर दिया गया है। 'खैबर पथ परियोजना' नामक इस तीन वर्षीय पहल के तहत, 400 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को खुदाई, संरक्षण और विरासत प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ–साथ रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। एक जून से शुरू हुई इस परियोजना का उद्देश्य प्रांत में क्षेत्रीय विकास, व्यावसायिक क्षमता निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।



## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव–मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है – और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है – कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो – अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ – आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।



## ट्रेंड


### बिहार में 'स्वर्णयुग'



आरजेडी के 15 वर्षों के कुशासन ने बड़े-बड़े दुर्दांत जातीय नरसंहार बिहार के अंदर करवाए थे। यहां अधिकारी नहीं, अपराधी सत्ता के समानांतर व्यवस्था का संचालन करते थे। मगर आज एनडीए के नेतृत्व में बिहार का 'स्वर्णयुग' चल रहा है। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**


### अवैध संपति



जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ की अवैध संपति मिली है तो सोचिए उनके पास खुद कितनी दौलत होगी और उनके उस 'ऊपरवाले' के पास कितनी, जिनके आशीर्वाद से वो बचे हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**


### ये जीत ऐतिहासिक



ये जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आये हैं। इस जीत पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को मेरी हार्दिक बधाई!

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### महिलाओं के अधिकार



भारतीय महिलाओं को कितनी बार अपनी ताकत, लचीलापन और अपने राष्ट्र का सच्चा गौरव साबित करना पड़ता है? और फिर भी उन्हें अपनी गरिमा, सम्मान और अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

लाइफ Style

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर'का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है'से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। स्प्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को स्प्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान


**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते



दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है। दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली

**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के




मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे



आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## प्रशासन ने की व्यापक तैयारियां, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

# भेड़ाघाट मेला और नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज



**जबलपुर।**

ऐतिहासिक भेड़ाघाट मेला और नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और समृद्ध आयोजन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम अपने अपने स्तर पर तैयारियों में जुटा है। व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष तैयारी की है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था न हो और आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी सुरक्षा और सहायता मिल सके।

भेड़ाघाट मेला और नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने समूचे क्षेत्र को 'जाम मुक्त' रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। विशेष रूप से, लम्हेटाघाट तक यात्रा के सुचारु संचालन पर अधिकारियों का ध्यान केंद्रित है। जिसके एएसपी और डीएसपी स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई. वहीं पूरी व्यवस्था की निगरानी कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय कर रहे हैं।

### हर स्तर पर अधिकारी तैनात

पंचकोषी यात्रा और भेड़ाघाट मेला की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 4 डीएसपी और 12 से अधिक निरीक्षकों के नेतृत्व में 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को दो शिफ्टों में तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में वरिष्ठ अधिकारी जैसे एएसपी ग्रामीण, एएसपी ट्रैफिक अंजनी तिवारी सहित अन्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### परिवर्तित किये गये मार्ग

पुलिस प्रशासन ने जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कई प्रमुख मार्गों को डायवर्ट किया है। इसके अलावा, वाहनों की पार्किंग के लिए विशेष स्थानों का निर्धारण किया गया है, ताकि कोई भी यातायात समस्या उत्पन्न न हो। भेड़ाघाट में सरस्वती घाट के पास लगने वाले मेले में 50 से अधिक गांवों से लोग शामिल होते हैं, ऐसे में पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है ताकि वाहनों को निर्धारित स्थान तक ही अनुमति दी जाए और असुविधा से बचा जा सके।

### सड़क से दूर होंगे भंडारे

पंचकोषी यात्रा के दौरान भंडारों का आयोजन आमतौर पर सड़कों पर किया जाता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने आयोजनकर्ताओं से पहले ही संपर्क किया है और उन्हें निर्देश दिए हैं कि भंडारे प्रमुख मार्गों से हटकर आयोजित किए जाएं, ताकि सड़कों पर जाम की स्थिति न बने। भंडारा समितियों ने पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करने की बात कही है।

### जाम से निपटने इंतजाम

एसपी सम्पत उपाध्याय ने कहा, हमारी मुख्य प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि भेड़ाघाट मेला और पंचकोषी यात्रा के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न हो। हमने जाम की स्थिति को रोकने के लिए वाहनों के मार्गों को डायवर्ट किया है और पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारे लिए सबसे अहम है, और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर कोई बिना किसी परेशानी के अपने धार्मिक कर्तव्यों को निभा सके।



## संत अलॉयसियस विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पोलीपाथर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2025 बड़े हर्षोल्लास के साथ 03 नवम्बर 2025 को मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था — "जीवन मूल्य और शिक्षा, सफलता की ओर कदम"। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया और छात्रों में उत्साह का वातावरण था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राहुल कटारिया (वरिष्ठ सॉफ्टवेयर इंजीनियर, जे.पी. मॉर्गन चेस) एवं मुख्य अतिथि रेव्ह. डॉ. जे. जी. वलन आरसु (बिशप ऑफ जबलपुर) रहे। उनके साथ शाला प्रबंधक रेव्ह. फादर एम. स्टैनलिन, प्राचार्या श्रीमती जेस्सी अनिल, उप-प्राचार्य श्री डेनिस पैट्रिक, एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सोमा जॉर्ज व श्रीमती डोरोथी पॉल मंचासीन रहे छात्र परिषद द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य और संगीत के माध्यम से किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। छात्रों ने चारों धर्मग्रंथों — गीता, बाइबल, कुरान और गुरु ग्रंथ साहिब — का पठन कर सांप्रदायिक एकता का संदेश दिया।प्रार्थना नृत्य, स्वागत गीत और नन्हे-मुन्ने बच्चों के आकर्षक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। भरतनाट्यम, हिप-हॉप और स्वतंत्र नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। अंग्रेजी नाटक के माध्यम से प्रौद्योगिकी के सदुपयोग और दुरुपयोग पर संदेश दिया गया।

प्राचार्या श्रीमती जेस्सी अनिल के निर्देशन में विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। छात्रों ने नाटक और नृत्य के माध्यम से बताया कि "बच्चे बीज के समान हैं, जो शिक्षा और मूल्यों से जीवन में सफलता की ओर बढ़ते हैं।"पुरस्कार वितरण के प्रथम चरण में श्री राहुल कटारिया ने कक्षा 3 से 8वीं तक के मेधावी एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। दूसरे चरण में रेव्ह. डॉ. जे. जी. वलन आरसु ने कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा 10वीं एवं 12वीं की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।अपने प्रेरक उद्बोधन में बिशप वलन आरसु ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें, बल्कि उनकी रुचियों को समझने का प्रयास करें। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि "शिक्षक वेतन के लिए नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए कार्य करते हैं।"



## एनएसयूआई का कृषि विवि में प्रदर्शन

### कुलगुरु ने दिया समाधान का आश्वासन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में छात्रावास सुविधा, शुल्क वृद्धि, परीक्षा परिणामों में देरी और पारदर्शिता से जुड़ी गंभीर समस्याओं के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों ने रैली निकालते हुए प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ नारे लगाए और स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्र हितों से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलगुरु को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर छात्रों की विभिन्न माँगों की मांग की, जिसमें छात्रावास नवीनीकरण का लेखा जोखा, परीक्षा परिणाम की घोषणा सहित अन्य मांगे शामिल थी। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, उपाध्यक्ष अनुज यादव, दीपक यादव,अभय पटेल, शशांक मिश्रा, पवन साहू, राम पटेल, अभिषेल झा, शुभम विश्वकर्मा, सत्यम तिवारी, सनी विश्वकर्मा, आयुष पाल, दिव्यन्श दुबेउ आदि छात्र उपस्थित थे।

# गुरुनानक देव प्रकाशोत्सव आज

## गुरुद्वारे हुए रोशन, रागी जत्थों का हुआ आगमन

**जबलपुर।**

गुरुनानक जयंती के प्रकाशोत्सव पर्व पर नगर और उपनगरीय क्षेत्रों के गुरुद्वारों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। विभिन्न रागी जत्थों का नगरागमन हो गया है। दूसरी तरफ श्रद्धालुओं द्वारा कार सेवा के माध्यम से रातभर गुरु का लंगर तैयार करने की समर्पित भाव से सेवा की गई। अपनी विश्व पद यात्राओं के दौरान पूरी दुनिया को विश्व बंधुत्व, मानव कल्याण और विश्व शान्ति का इलाही पैगाम देने वाले सिख धर्म के प्रवर्तक और प्रथम गुरु,जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पवित्र 556 वें पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व के तहत सदर स्थित गैरिसन मैदान, पेंटी नाका में आज 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



इसमें प्रसिद्ध सिख तीर्थ स्थल श्री झाड़ साहिब तरणतारण, पंजाब के विख्यात रागी जत्था भाई परगट सिंह, गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी विशाल सिंह, मंजी साहिब हरिमंदर साहिब अमृतसर पंजाब, भाई नरिन्दर सिंह, भाई सतनाम सिंह सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे । दूसरी तरफ गुरुद्वारा मढ़ाताल में प्रातः 4.30 बजे से प्रातः 9 बजे तक ''आशा दी वार" का भव्य कीर्तन दरबार होगा । यहीं पर रात्रि कीर्तन दरबार, रात्रि 7 बजे से अर्धरात्रि 12.15 बजे तक चलेगा । समापन पर समूह पुष्प वर्षा होगी। प्रधान साहब प्रताप सिंह विरदी, जत्थेदार कुलदीप सिंह बंसल, सचिव सुखविंदर सिंह रील, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सेहमी, अवतार सिंह बांगा, जतिंदर सिंह सैनी, एम एस नागी, अमनदीप सिंह विरदी, रजिंदर सिंह धंजल, सुरिंदर सिंह अहलूवालिया एवं गुरुपर्व समिति ने नगर के धर्म प्राण श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है। उपनगरीय क्षेत्र ईस्ट लैंड खमरिया गुरुद्वारा सहित विभिन्न गुरुद्वारों में भी प्रकाशोत्सव पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ की जिला इकाई द्वारा होटल द अमृत में दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी और राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों ने परिषद परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्य अतिथियों ने कहा कि दीपावली केवल दीयों का नहीं, बल्कि करोड़ों उम्मीदों, रिश्तों और स्नेह का उत्सव है। विशिष्ट अतिथि राजेश दुबे, विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, अनुरोध पटेरिया ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए एकता, प्रेम और स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की — स्पर्श जैन एवं मयंक ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष, गुरमुख दास को संगठन व प्रचार सचिव तथा अनुराग शुक्ला को जिला सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।इस अवसर पर पं. चंद्रशेखर शर्मा, सुरेश कामले, इंजीनियर तरुण सोनाने, रवींद्र शर्मा, सिमरन सिंह शुक्ला, रूपम बाजपेयी शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर शर्मा ने किया तथा आभार अनिल शुक्ला और मयंक ठाकुर ने व्यक्त किया। अनिल शुक्ला द्वारा सभी को पुस्तक भेंट की गई।

## नर्मदा तटों पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

### आज कार्तिक पूर्णिमा पर होगा स्नान ध्यान

**जबलपुर।** बुधवार की सुबह से ही नर्मदा तटों में कार्तिक पूर्णिमा पर स्नानार्थियों की भीड़ लगेगी। कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने तड़के चार बजे से ही पुण्य सलिला जीवनदायिनी माँ रेवा के तट पर स्नान ध्यान पूजन करने के लिय बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगेंगे। गुरुनानक जयंती होने के कारण नर्मदा के गौरीघाट में स्थित गुरुद्वारे में भी भारी भीड़भाड़ नजर आएगी। इस कारण गौरीघाट रेलवे क्रासिंग से माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट तक भीड़ का दबाव बढ़ने से यातायात में असुविधा हो सकती है। पूर्णिमा एवं अमावस्या पर वैसे ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धा व आस्था के साथ नर्मदा मे डुबकी लगाने जाते हैं। कार्तिक महीने की स्नानदान पूर्णिमा के विशेष महत्व को समझने वाले श्रद्धालु खासतौर पर नर्मदा स्नान करने पहुंचेंगे। गौरीघाट के अलावा तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान करने पहुंचते हैं।

## डी.एन. जैन महाविद्यालय में मप्र स्थापना दिवस पर हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम



**जबलपुर।** डी.एन. जैन महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार 01 से 03 नवम्बर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. तरूण बाजपेयी ने की।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान से हुई। महाविद्यालय को रंगोली और दीपों से सजाया गया। 01 नवम्बर को शासी निकाय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार सिंघई ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती और मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। छात्रा खुशी सेन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार सिंघई ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला, वहीं प्राचार्य डॉ. तरूण बाजपेयी ने प्रदेश को "भारत का हृदय स्थल" बताते हुए इसकी प्राकृतिक संपदा और औद्योगिक प्रगति का उल्लेख किया।

प्रशासनिक प्रभारी डॉ. शैलेष जैन ने स्वतंत्रता पूर्व और वर्तमान मध्यप्रदेश के विकास की तुलनात्मक चर्चा की।सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. शिखा ताम्रकार के संचालन में छात्राओं ने मध्यप्रदेश लोक गीत, लोक नृत्य और लोक कला की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। खुशी सेन, सेजल गौतम और सपना वंशकार के प्रदर्शन सराहनीय रहे। साथ ही छात्रों ने प्रदेश की लोक संस्कृति, पर्यटन और भौगोलिक विविधता पर प्रदर्शनी लगाई।02 नवम्बर को आयोजित "मेरा मध्यप्रदेश" निबंध प्रतियोगिता में अंजली कोल प्रथम और सपना वंशकार द्वितीय रहीं। 03 नवम्बर को हुई मध्यप्रदेश प्रश्न मंच प्रतियोगिता में राशि वैष्णव (बी.ए. प्रथम वर्ष) विजेता और सपना वंशकार (बी.ए. तृतीय वर्ष) उपविजेता रहीं। एन.सी.सी. कैडेट रवि, तनुज और सेजल को विशेष उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रो. राधा मौर्य, प्रो. रूपा कहार, प्रो. शुभांगी गौतम, प्रो. अमित कश्यप, प्रो. अनुराग नामदेव, श्री जी.डी. अग्रवाल, श्रीमती अनीता तिवारी, श्री सतेन्द्र शुक्ला, श्री रूपेश श्रीवास्तव, श्री मनोज चौबे, श्री चन्द्रकांत देठे, श्री सुरेश दहायत, श्री राकेश तिवारी सहित अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## डॉ. प्रतिभा परिहार बनी फुड साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा से डॉ. प्रतिभा परिहार, प्रोफेसर कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बनाई गई है। डॉ. परिहार 1998 में सहायक प्राध्यापक बनी। इसके बाद वर्ष 2009 में प्राध्यापक हुई। आप खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में विगत कई वर्षों से अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।डॉ. प्रतिभा परिहार को खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समस्त विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

# शिक्षा, संस्कार और देशप्रेम की भावना का किया जागरण




**जबलपुर।** जय भारत मंच के महाकौशल प्रांत की बैठक मंगलवार को होटल अमृत चौथा पुल के पास नेपियर टाउन जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आदरणीय इंद्रेश कुमार जी के सानिध्य में आयोजित की गई। आयोजन की शुरुआत कन्या पूजन से किया गया। बैठक में जय भारत मंच के उद्देश्यों के बारे में इंद्रेश कुमार जी ने अपने कार्यकर्ताओं को समझाया की कैसे अखंड भारत का निर्माण करना है ।कैसे लोगों के बीच संस्कार, शिक्षा और देश प्रेम की भावना का जागरण हर स्तर पर करना है। हमें भारतीय संस्कृति का जन-जन में प्रचार प्रसार करना है भारत को विश्व गुरु बनाना है ।अखंड और वृहद भारत का निर्माण करना है । साथ में नारी सम्मान । नारी की शिक्षा इस पर भी विशेष जोर दिया संस्कारधानी में आयोजित इस बैठक से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य आदरणीय इंद्रेश कुमार जी ने संस्कारधानी की भूरि भूरि प्रशंसा की। बैठक का आयोजन महाकौशल प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश दुबे ने किया बैठक में कटनी विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, रीवा से पधारे पुष्पराज तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, भोपाल से अर्जुन सिंह राष्ट्रीय महामंत्री तथा महाकौशल प्रांत के पदाधिकारी, सदस्य गण जबलपुर जिले के पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित थे। अनिल शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के अंतर्गत जबलपुर में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है इस कार्यशाला की व्यस्तता से समय निकालकर आदरणीय इंद्रेश कुमार जी जय भारत मंच के महाकौशल प्रांत के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए आज उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं में बहुत हर्षोल्लास था कि हमारे मार्गदर्शक आज हमारे बीच हैं । मंच का संचालन जगदीश दुबे महाकौशल प्रांत अध्यक्ष ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव प्रांत महामंत्री आशीष वाजपेई ने किया।

## एम.पी. ट्रांसको में मनाया गया साइबर जागरूकता माह

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में अक्टूबर माह के दौरान मध्य प्रदेश में एमपी ट्रांसको के सभी कार्यालयों मे "साइबर जागरूकता माह" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। माह भर कंपनी के सोशल मीडिया एकाउंट्स के माध्यम से "स्टे सेफ ऑनलाइन" थीम पर साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन उपयोगी टिप्स साझा किए गए। इसी क्रम में 26 अक्टूबर को ऑनलाइन क्विज का आयोजन भी किया गया था, साथ ही गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी "साइबर अपराध से बचाव हेतु मार्गदर्शिका" भी सभी कार्मिकों से साझा की गई। माह की शुरुआत में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अपने संदेश में सभी कार्मिकों से अपील की थी कि साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी को केवल स्वयं तक सीमित न रखें, बल्कि परिवार, मित्रों और संबंधियों तक भी प्रसारित करें। कार्मिकों ने इस अपील पर अमल करते हुए साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारियाँ अपने परिजनों और परिचितों से साझा कीं।प्रबंध संचालक ने साइबर




जागरूकता माह में कार्मिकों की व्यापक सहभागिता के लिए उन्हें साधुवाद दिया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि — "कोई भी संस्था उतनी ही मजबूत होती है, जितना उसका सबसे कमजोर व्यक्ति। साइबर सतर्कता के मामले में भी हमें अपने से संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक है।"एम.पी. ट्रांसको आई.टी. सेल प्रमुख डॉ. हिमांशु श्रीवास्तव, प्रोग्रामर श्रीमती कल्पना धुर्वे तथा बाह्य स्रोत कंप्यूटर ऑपरेटर श्री अल्बर्ट जोसफ के निरंतर प्रयास एवं योगदान से कंपनी को यह सफलता मिली।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/159
दिनांक:- 04/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री रामप्रकाश छावड़ा (2) श्रीमती कृष्णावंती (3) श्री योगेश छावड़ा (4) श्रीमती शीरीन ने मकान नं. 939 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 378+1988 व.फु., प्रथम तल 378 व.फु. विक्रयपत्रों के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/158
दिनांक:- 04/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति जैन पति श्री अनिल कुमार जैन ने पिन नं.-1003962351 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 1170 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/157
दिनांक:- 04/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नसीब अहमद पिता श्री एस.एस. उध्दीन ने मकान नं. 137 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 750 व.फु., प्रथम तल 250 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/156
दिनांक:- 04/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती असमा हुसैन पति श्री सैय्यद हमीद हुसैन ने मकान नं. 137 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 520 व.फु., प्रथम तल 240 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व रांझी जिला जबलपुर**
पत्र क्रमांक/47/री./अ.वि.अ./रांझी/2025
जबलपुर, दिनांक 29/10/2025

**।। आम इश्तहार ।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी श्री/श्रीमति,प्रदीप बैनर्जी पिता स्व. श्री सुनील कुमार बैनर्जी,गौतम कुमार बैनर्जी पिता स्व. सुनील कुमार बैनर्जी, अजय कुमार बैनर्जी पिता स्व. श्री सुनील कुमार बैनर्जी तीनो निवासी 2180,निर्मल चंद्र जैन वार्ड न्यू कंचनपुर अधारताल जबलपुर के आवेदन पत्र में मौजा भडपुरा स्थित खसरा नं.62/69 प्लाट नं.61 रकवा 0.0220 हेक्ट में से 2400 वर्गफुट भूमि अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता उपस्थित होकर यह अपील अनावेदक /उत्तरवादी 1.सविता भट्टाचार्य निवासी 204ए विवेक कॉलोनी गोसल कॉम्पलेक्स के पास रांझी जबलपुर 2. गोपा गांगुली निवासी ए/8, प्रीत विहार नेवाईधाम रेस्टॉरेन्ट नर्मदा रोड जबलपुर 3. सुमिता मुखर्जी निवासी 2503/1 न्यू कंचनपुर तीन पुलिया निर्मलचंद जैन वार्ड अधारताल जबलपुर के विरूद्ध तहसीलदार रांझी जबलपुर रा.प्र.क्र.1283/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 06.01.2025 से व्यथित होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई। अपील आवेदन पत्र म.प्र.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 44 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि अपीलार्थी का नाम समस्त राजस्व रिकार्ड व खसरा पाँचसाला में दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया जावे।

अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रॉझी तहसील रॉझी जिला जबलपुर में कक्ष क्रमांक 6 में दिनांक 12/11/2025 को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 29/10/2025 को जारी।

जारी दिनांक -29/10/2025
पेशी दिनांक -12/11/2025

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) रांझी, जबलपुर